हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, सोमवार 19 जनवरी 2026

[ राजनांदगांव | कवर्धा | डोंगरगांव | अं. चौकी | मोहला | मानपुर | छुरिया | डोंगरगढ़ | खैरागढ़ | छुईखदान | गंडई | पंडरिया | पांडातराई | स लोहरा | बोड़ला | कुण्डा | कोलेगांव ]

**खबर संक्षेप**

### वाद-विवाद, युवक पर कार्रवाई

**राजनांदगांव।** वाद-विवाद करने पर शांति भंग होने की आशंका से युवक के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार सोमनी थाना क्षेत्र अंतर्गत गत दिवस सुभाष राजपूत उर्फ बिल्लू 25 साल निवासी नयापारा वार्ड नं. 1 दुर्ग हाल निवास अटल आवास टेडेसरा थाना सोमनी, जो ग्राम टेडेसरा में स्कूली बच्चों को आने-जाने के दौरान परेशान करता था। जिसके संबंध में शिकायत मिलने पर अनावेदक सुभाष राजूपत उर्फ बिल्लू को समझाईश हेतु ग्राम टेडेसरा पहुंचने पर अनावेदक द्वारा पुलिस को देखकर आक्रोशित होकर झगड़ा, विवाद व मारपीट पर उतारू होने लगा। मौके पर सज्ञेय अपराध घटित करने की संभावना पर अनावेदक सुभाष राजपूत उर्फ बिल्लू को धारा 170 बीएनएसएस के तहत गिरफ्तार कर प्रतिबंधित करने धारा 126, 135(3) बीएनएसएस का इस्तगाशा तैयार कर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट राजनांदगांव के न्यायालय में पेश कर जेल दाखिल किया गया है।

**मॉय एंगल**




# उत्तराषाढ़ा नक्षत्र में व्रज व स्वार्थ सिद्धि योग में आज से गुप्त नवरात्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

नए साल की पहली गुप्त नवरात्रि 19 जनवरी से शुरू होगी। इस अवसर पर कलश स्थापना का शुभ मुहूर्त सुबह 8.34 से 9.59 बजे तक रहेगा। वहीं अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12.13 से 12.58 बजे तक रहेगा। माघ मास में नौ दिनों तक मनाई जाने वाली गुप्त नवरात्रि का आरंभ सर्वार्थ सिद्धि योग के महासंयोग में होगा। नवरात्रि का समापन 27 जनवरी को होगा। इस दौरान साधक तंत्र, मंत्र और यंत्र की सिद्धि के लिए गुप्त साधना करेंगे।

गौरतलब है कि वर्ष में कुल चार नवरात्रियां मनाई जाती है। जिनमें दो प्रकट और दो गुप्त नवरात्रि होती है। माघ और आषाढ़ मास की नवरात्रियां गुप्त। जबकि चैत्र और अश्विन मास की नवरात्रियां प्रकट नवरात्रि कहलाती है। माघ मास की गुप्त नवरात्रि शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से नवमी तक रहती है। जिसमें कई विशेष पर्व भी आते हैं। इनमें गौरी तृतीया, वरद तिल कुंद चतुर्थी, बसंत पंचमी, नर्मदा जयंती, आरोग्य सप्तमी और भीष्म अष्टमी प्रमुख है। गुप्त नवरात्र को लेकर शहर सहित जिलेभर के देवी मंदिरो में भी विशेष पूजा पाठ और आराधना की जाएगी। इसके लिए मंदिर में तैयारियों को अंतिम रूप प्रदान किया गया है। इधर कई मंदिरो में देवी भागवत का भी आयोजन किया जा रहा है। शहर के शीतला मंदिर में भी विशेष पूजा की जाएगी।

**27 जनवरी को समापन, मां के भक्त करेगें गुप्त आराधना**

### दस महाविद्याओं की विशेष पूजा

प्रकट नवरात्रि में देवी दुर्गा के नौ रूपों की पूजा की जाती है। जबकि गुप्त नवरात्रि में दस महाविद्याओं की विशेष पूजा होती है। प्रकट नवरात्रि सांसारिक सुखों और इच्छाओं की पूर्ति के लिए मानी जाती है। वहीं गुप्त नवरात्रि मनोकामना सिद्धि और मोक्ष प्राप्ति के लिए की जाती है। प्रकट नवरात्रि वैष्णव परंपरा से और गुप्त नवरात्रि शैव एवं शाक्त परंपरा से जुड़ी मानी जाती है। प्रकट नवरात्रि की देवी मां पार्वती और गुप्त नवरात्रि की अधिष्ठात्री देवी मां काली मानी जाती हैं। गुप्त नवरात्रि का समापन दसवें दिन दशमी तिथि को होता है, जिसे नवरात्रि पारणा के रूप में मनाया जाता है।



### मांगलिक कार्यों को शुभ बनाने का योग

ज्योतिषाचार्यों के अनुसार प्रतिपदा तिथि को उत्तराषाढ़ा नक्षत्र, वज्र योग और मकर राशि में चंद्रमा की उपस्थिति में गुप्त नवरात्रि का शुभारंभ होगा। मध्याहन काल में अभिजीत मुहूर्त के दौरान सर्वार्थसिद्धि योग का विशेष संयोग रहेगा। इस योग को सभी शुभ और मांगलिक कार्यों को सफल बनाने वाला माना जाता है। मान्यता है कि इस योग में की गई साधना और आराधना शीघ्र फलदायी होती है। शहर के मंदिरों में भी विशेष यज्ञ-हवन और आराधना इस दौरान होंगे।

## धान खरीदी को नौ दिन शेष, चार जिलों में जाम की भी दिक्कतें

# अंतिम दिनों में होगी धान की बफर आवक, कतार में 90 हजार किसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

पिछले 15 नवंबर से शुरू हुई धान की सरकारी खरीदी को अब महज नौ दिन शेष रह गए हैं। अविभाजित राजनांदगांव और कवर्धा जिले के करीब 90 हजार किसानों से अभी तक धान की खरीदी नहीं हुई है। टोकन जारी होने के बाद अब ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार से खरीदी केद्रों में धान की बफर आवक होगी। इधर परिवहन के सुस्त होने के चलते अविभाजित राजनांदगांव और कवर्धा जिले के खरीदी केंद्रों में जाम की स्थिति भी निर्मित हो रही है।

राज्य शासन द्वारा इस साल पूरे प्रदेशभर में पड़ोसी राज्यों से आने वाले अवैध धान को रोकने कोचियों पर की गई ताबड़तोड़ कार्रवाई के कारण खरीदी की रफ्तार बेहद धीमी है। प्रशासन द्वारा वास्तविक किसानों से ही धान खरीदने के चलते अभी तक सिर्फ 75 फीसदी किसानों से ही खरीदी हुई है। ऐसी आशंका जताई जा रही है कि किसानों की आड़ में खरीदी केंद्रों में सक्रिय होने वाले कोचिये इस बार काफी दहशत में चल रहे हैं। इधर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के आंकड़ों की माने तो इस साल राजनांदगांव, मोहला-मानपुर-चौकी, खैरागढ़-छुईखदान-गंडई और कवर्धा जिले के तीन लाख 79 हजार 076 किसानों ने धान बेचने के लिए अपना पंजीयन कराया था। 15 नवंबर से शुरू धान की सरकारी खरीदी में अभी तक दो लाख 88 हजार किसानों ने अपनी उपज बेच दी है। खरीदी के अंतिम नौ दिनों में 90 हजार किसान अपनी उपज बेचने के लिए कतार में हैं। बताया जाता है कि राज्य शासन ने इन किसानों का टोकन भी काट दिया है। ऑनलाइन के साथ-साथ ऑफलाइन टोकन व्यवस्था के लागू होने के चलते अब ऐसी उम्मीद जताई जा रही है कि सोमवार से खरीदी में काफी तेजी आएगी और खरीदी केंद्रों में धान की बफर आवक होगी।



### अंतिम दिनों में तगड़ी मोर्चाबंदी

पड़ोसी राज्यों से धान लाकर यहां खपाने की कोशिश में जुटे कोचियों के खिलाफ शासन के निर्देश पर प्रशासनिक अमले द्वारा ताबड़तोड़ कार्रवाई की जा रही है। खरीदी शुरू होने के बाद अभी तक करोड़ों रुपए का अवैध धान जब्त किया जा चुका है। सूत्रों ने बताया कि चारों जिलों के प्रशासन की नजरें अब खरीदी के अंतिम दिनों में टिकी हुई है।

### कवर्धा में 37 हजार किसान शेष

राजनांदगांव जिले में धान बेचने के लिए 28 हजार किसान शेष रह गए हैं। वहीं खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 15 हजार किसानों से धान खरीदना शेष रह गया है। इधर मोहला-मानपुर-चौकी जिले में 10 हजार 734 और कवर्धा जिले में सर्वाधिक 37 हजार 342 किसान अभी तक अपनी उपज नहीं बेच पाए हैं।

### परिवहन में पिछड़ा मोहला जिला

धान खरीदी के बाद परिवहन में सर्वाधिक खराब स्थिति मोहला-मानपुर-चौकी जिले की है, जहां अभी तक सिर्फ 16 फीसदी धान का उठाव हुआ है। वहीं कवर्धा में 39 फीसदी, राजनांदगांव में 33 फीसदी और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई जिले में 31 फीसदी धान का उठाव हुआ है। राईस मिलर्स द्वारा किए जाने वाले उठाव को राज्य शासन द्वारा फिलहाल रोके जाने के कारण प्रशासन ने अब संग्रहण केंद्रों के लिए धान का उठाव तेज कर दिया है।

# 104 स्कूल बसों की जांच दो पर चालानी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग द्वारा अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी आनंद शर्मा के नेतृत्व में आज विभिन्न स्कूलों की संचालित 104 स्कूली बसों का सुप्रीम कोर्ट के गाईड लाइन के तहत मानक सुरक्षा जांच किया गया । इस दौरान बसों की आवश्यक दस्तावेज, परमिट, फिटनेस, बीमा और प्रदूषण प्रमाण पत्र की जांच की गई।

सुरक्षित यातायात के लिए परिवहन विभाग कद्वारा समय-समय पर पब्लिक ट्रांसपोर्ट की जांच की जाती है। वहीं स्कूली बसों को लेकर विशेष ध्यान दिया जाता है। इस दौरान स्कूली बस की फिटनेस और चालकों की आंखों की जांच भी कराई जाती है। क्षेत्रीय परिवहन विभाग द्वारा आज 104 बसों की जांच में कुछ बसों में खामियां पाई गई। जिसका चालान किया गया।



### दो वाहनों का हुआ चालान

परिवहन विभाग की जांच के दौरान 2 वाहनों में प्रदूषण प्रमाण पत्र नहीं पाया, जिस पर 4 हजार रुपए ई -चालान की कार्रवाई की गई। वहीं 1 वाहन में मानक सुरक्षा की कमी पाए जाने पर तीन सौ रुपए की ई-चालान की गई। वहीं सभी चालक, परिचालकों का स्वास्थ्य परीक्षण व नेत्र जांच किया गया। परिवहन अधिकारी द्वारा सभी चालकों को वाहन धीमी गति में चलाने, यातायात नियमों का पालन करने तथा वाहन चलाते समय निर्धारित ड्रेस में रहने हिदायत दी गई है।

### परिवहन, पुलिस और चिकित्सक रहे मौजूद

बसों की जांच के दौरान परिवहन विभाग के पंकज तम्बोली, सहायक परिवहन उप निरीक्षक मिथलेश कुमार, विपिन मेहर, विजय मट्टे, संतोष बुरदे, यातायात विभाग से उप निरीक्षक अनिल तिवारी, प्रधान आरक्षक रोहित गजेंद्र, आरक्षक कपिल श्रीवास्तव, आरक्षक सुखदेव एवं मेडिकल टीम से नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एनसी लांगे, नेत्र सहायक संजीव यादव, चिकित्सा अधिकारी डॉ. गौरव का सहयोग रहा।

# कार में शराब की तस्करी करते युवक पकड़ा गया, 16 पेटी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



कार में अवैध रूप से मप्र निर्मित अंग्रेजी शराब की 16 पेटियों को भरकर ले जाते पुलिस ने पकड़ा। इस मामले में एक आरोपी को पकड़ा गया है, अन्य आरोपियों की तलाश सरगर्मी से की जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार तुमडीबोड पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 18 जनवरी को मुखबीर से पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि एक कार में अवैध रूप से शराब लाया जा रहा है। सूचना के आधार पर चौकी तुमडीबोड और साइबर की संयुक्त टीम गठित कर नेशनल हाईवे में ग्राम कोहका के पास

⏩ शेष पेज 12 पर

### तुमडीबोड पुलिस की कार्रवाई

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा द्वारा जिले में अवैध शराब बिक्री पर संज्ञान लेते संबंधितों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया गया था। जिसके तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र नायक, नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, एलेग्जेंडर कीरो नगर पुलिस के मार्गदर्शन में कार्रवाई की गई। उक्त कार्रवाई में निरीक्षक दिलीप पटेल चौकी प्रभारी तुमडीबोड, निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी साइबर सेल, सहायक उप निरीक्षक चुन्नीलाल साहू, प्रधान आरक्षक लोकनाथ वर्मा, आरक्षक योगेश राठौर, आरक्षक अमित सोनी साइबर सेल की सराहनीय भूमिका रही।

## राहगीरो से विवाद, एक पर प्रतिबंधात्मक कार्रवाई

**राजनांदगांव।** राहगीरों के साथ झगड़ा, वाद-विवाद कर शांतिभंग करने की अंदेशा पर अव्यवस्था फैलाने वाले युवक को गिरफ्तार कर पुलिस ने कार्रवाई की है।

चौकी चिखली में 18 जनवरी को आम जनता की शिकायतों के आधार पर अलग-अलग पुलिस टीम गठित कर बदमाशों पर अंकुश लगाने एवं क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाने हेतु पेट्रोलिंग कार्रवाई किया जा रहा था। इस अभियान के तहत रमन बाजार चिखली में अनावेदक अमन उर्फ डोरे डोंगरे 18 साल शंकरपुर वार्ड नं. 10 द्वारा राहगीरों के साथ झगड़ा व वाद-विवाद कर शांतिभंग करने की अंदेशा पर अव्यवस्था फैलाने के मामले में युवक को गिरफ्तार कर पृथक से धारा 170, 126, 135(3) बीएनएसएस के तहत कार्रवाई कर न्यायालय राजनांदगांव में पेश कर जेल दाखिल किया गया।

# अवैध धान के विरुद्ध कार्रवाई, 223 क्विंटल धान और परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त

**राजनांदगांव।** जिले में अवैध धान को रोकने के लिए कलेक्टर जितेंद्र यादव के निर्देश पर कोचियों, बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई हुए करोड़ों रुपए का धान जब्त किया जा रहा है। जिले के अंतर्राज्यीय और अंतरजिला सीमाओं पर की जा रही सघन जांच के दौरान प्रशासन ने आज 223 क्विंटल अवैध धान बरामद कर बड़ी कार्रवाई की है।

बीती रात 1.30 बजे अपर कलेक्टर के नेतृत्व में घुमका तहसील क्षेत्र में विशेष टीम ने ठेलकाडीह चौक पर घेराबंदी की और कोंडागांव से राजनांदगांव की ओर आ रहे एक संदिग्ध वाहन को रोककर तलाशी ली। इस दौरान प्रशासन की टीम को 140 क्विंटल धान बरामद हुआ। जिसके संबंध में कोई भी वैध दस्तावेज नहीं पाया गया। प्रशासन ने धान सहित वाहन को जब्त कर पुलिस अभिरक्षा में दे दिया। जिले में धान की अवैध आवक रोकने के लिए सीमावर्ती चेक पोस्ट सक्रिय कर दिए गए हैं। बिना वैध दस्तावेजों के परिवहन पाए जाने पर न केवल धान जब्त किया जा रहा है, बल्कि वाहन को जब्त करते हुए संबंधित व्यक्ति पर भी कड़ी कानूनी कार्रवाई की जा रही है।



### महाराष्ट्र से लाया जा रहा था अवैध धान

प्रशासनिक टीम ने तहसील छुरिया के ग्राम पंचायत हाटबंजारी में बड़ी कार्रवाई करते हुए रामस्वरूप के घर से 48 क्विंटल अवैध धान बरामद किया। यह धान महाराष्ट्र सीमा से लाकर बिना अनुमति के अवैध रूप से संग्रहित किया गया था। वहीं तहसील कुमर्दा के ग्राम मुंजालकला में भूषण देवांगन के पास से 35 क्विंटल धान जब्त किया गया। यह कार्रवाई मंडी अधिनियम के नियमों के उल्लंघन के तहत की गई है।

# चार सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षक संघ का धरना प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक एवं समग्र शिक्षक फेडरेशन ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने एक दिवसीय हड़ताल करते प्रदेश सरकार के खिलाफ हल्ला बोला और मोदी की गारंटी के तहत किए गए चुनावी वादे को पूरा करने मांग की। फेडरेशन ने हड़ताल के माध्यम से सहायक शिक्षकों की वेतन विसंगति दूर कर क्रमन्नति वेतन देने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त लाभ प्रदान किए जाने के साथ ही टीईटी की अनिवार्यता को खत्म करने और वीएसके एप से ऑनलाइन अटेंडेंस को बंद करने की मांग रखते हुए हल्ला बोला। कलेक्टोरेट कार्यालय के सामने आयोजित इस धरना प्रदर्शन को छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के संरक्षक मनीष कुमार मिश्रा, प्रांतीय पदाधिकारी मंजू देवांगन, सुशील देवांगन, जाकेश साहू,

⏩ शेष पेज 12 पर



### घोषणा पत्र के वादे पूरा करने की मांग

अपनी चार सूत्रीय मांगों को लेकर एक दिवसीय हड़ताल पर गए शिक्षकों ने प्रदेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और शीघ्र मांग पूरा करने कहा। फेडरेशन की सह-सचिव मंजूदेवी देवांगन ने कहा कि प्रदेश सरकार ने अपने घोषणा पत्र में जो वादा किया है, उसे ही पूरा नहीं कर रही है। उन्होंने कहा कि अगर सरकार अपने वादे पूरे नहीं करती है तो अनिश्चितकालीन हड़ताल करने को मजबूर होना पड़ेगा।

## सोशल मीडिया में वीडियो वायरल, अध्यक्ष ने शिक्षकों को भी कर दिया माफ

# एकलव्य परिसर में बिना अनुमति भाजपाध्यक्ष के प्रवेश से मचा बवाल, कार्रवाई के लिए अड़े कांग्रेस विधायक

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

एकलव्य आवासीय विद्यालय में छात्र-छात्राओं की बेरहम पिटाई और अन्य दुर्व्यवहार के मामले में अब नया मोड़ आ गया है। प्रशासनिक टीम ने वार्डन, प्राचार्य को हटाने और तीन लेक्चरर को नोटिस जारी किया है, लेकिन जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा शुक्रवार को बिना परमिशन के कार्यकर्ताओं की भीड़ लेकर परिसर में दाखिल होते हुए पहली गलती है, माफ करते हैं की घोषणा कर दी है।

वीडियो वायरल होने के बाद आदिवासी बच्चों के प्रताड़ना से जुड़े पोक्सो एक्ट के तरफ जा रहे इस मामले में राजनीतिक खलबली मची हुई है। कांग्रेस विधायक इंद्रशाह मंडावी ने एसपी व कलेक्टर को पत्र लिखकर दिलीप वर्मा के खिलाफ तत्काल वैधानिक कार्रवाई की मांग की है।

इधर भाजपा अध्यक्ष के छात्र-छात्राओं के मामले में प्रशासनिक अमले के जांच से ऊपर उठकर राजनीति करने से आदिवासी समाज भी उद्वेलित है। उल्लेखनीय है कि पिछले पखवाड़ेभर से चौकी स्थित एकलव्य आवासीय विद्यालय में हाईस्कूल की बच्चियों को प्रताड़ित करने का मामला गूंज रहा है। हालात इतने बदतर हो गए कि 10वीं और 11वीं की दो छात्राओं ने एक के बाद एक आत्महत्या का प्रयास किया है यहां के स्टाफ पर छात्रों ने भी अनेक गंभीर आरोप लगाए हैं।

⏩ शेष पेज 12 पर



### प्रशासन ने उठाए थे संजीदा कदम

इधर प्रशासनिक हल्कों में इस बात की चर्चा है कि मारपीट के मामले में जिला प्रशासन संवेदनशीलता के साथ कठोर कार्रवाई करने की तैयारी कर रहा है। छात्राओं ने आत्मघाती कदम किस मजबूरी में उठाया, इस बात की तह तक जाने की कोशिश प्रशासन कर रहा है।

### शीघ्र एफआईआर दर्ज करे प्रशासन : मंडावी

वहीं इस मामले में स्थानीय विधायक इंद्रशाह मंडावी ने कहा है कि आदिवासी नाबालिक छात्र-छात्राओं के मामले में भाजपा जिला अध्यक्ष कैसे जांच अधिकारी बन गए? किसके परमिशन से भीड़ लेकर परिसर में घुसे, बच्चों के शोषण में वो कौन होते हैं माफ करने वाले? उन्होंने कहा कि इस मामले में तत्काल कलेक्टर-एसपी को कार्रवाई के लिए पत्र प्रेषित किया गया है।

### किसी को अनुमति नहीं

एकलव्य परिसर में परिजनों और जांच के लिए भेजे गए अधिकारियों को ही प्रवेश की अनुमति है, शेष किसी को नहीं, अगर कोई गया है तो यह उनका निजी निर्णय होगा।

- **तुलिका प्रजापति,** कलेक्टर

### अनुमति नहीं दी

प्रशासनिक स्तर पर एकलव्य विद्यालय परिसर में घुसने और जांच करने की अनुमति नेताओं को नहीं दिया गया था।

- **वाईपी सिंह,** एसपी

## खबर संक्षेप

### गिधवा में मंडई मेला आज

**जेवरतला रोड।** ग्राम गिधवा में मंडई मेला का आयोजन कल 19 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में ग्रामीणों के मनोरंजन हेतु पूजा के फूल छत्तीसगढ़ी नाच पार्टी ग्राम खल्लारी का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी त्रिभुवन देवांगन व रूमलाल देवांगन ने दी।

### कभी किसी का ना करें अपमान

**रामाटोला।** ग्राम में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन भगवताचार्य मनोज पुष्प महाराज ने दक्ष यज्ञ प्रसंग एवं भक्त प्रह्लाद चरित्र



का वर्णन किया। कथा के दौरान उन्होंने अहंकार, अभिमान एवं ईश्वर विरोधी प्रवृत्ति के दुष्परिणामों को स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार अहंकारवश भगवान शिव का अपमान करने से यज्ञ का विनाश हुआ। इसी क्रम में उन्होंने भक्त प्रह्लाद चरित्र का वर्णन करते हुए बताया कि किस प्रकार असुरराज हिरण्यकश्यप के अत्याचारों के बावजूद बालक प्रह्लाद ने भगवान विष्णु में अटूट श्रद्धा बनाए रखा। उन्होंने कहा कि प्रह्लाद का जीवन यह सिखाता है कि सच्ची भक्ति, अडिग विश्वास और भगवान का स्मरण हर विपत्ति से रक्षा करता है। इस अवसर पर बनवारी वर्मा, पूरन साहू, भगवती देवांगन, देवेंद्र नंदेश्वर एवं प्रेम देवांगन सहित आसपास गांव के श्रद्धालु मौजूद थे।

### शिव मंदिर में रूद्राभिषेक कल

**डोंगरगढ़।** बुधवारी पारा सब्जी मंडी समीप स्थित भोलेश्वर महादेव मंदिर के एक वर्ष पूर्ण होने पर मोहल्लेवासियों ने 20 जनवरी को रुद्राभिषेक एवं भंडारे का आयोजन रखा गया। आयोजकों ने नगर वासियों ने आयोजन में शामिल होने का आव्हान किया है।

### पदयात्रा में शामिल हुए विष्णु लोधी

**डोंगरगढ़।** मनरेगा बचाओ संग्राम के तहत शनिवार को भर्रेगांव से सुरगी



तक जनसंपर्क पदयात्रा का आयोजन कांग्रेस कमेटी ने किया। इस पदयात्रा में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, विधायक भोलाराम साहू, दलेश्वर साहू, हर्षिता बघेल, गिरिश देवांगन, संतोष पिल्ले, दीपक दुबे, कांग्रेस नेता विष्णु लोधी, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल आदि शामिल हुए। इस मौके पर श्री लोधी ने बताया कि मनरेगा बचाओ महासंग्राम के तहत काम की गारंटी, मजदूरी की गारंटी की मांग की जा रही है। उन्होंने आम जनता से मनरेगा बचाने के लिए 9873010606 पर मिस कॉल करने का आव्हान किया।

### मानस ज्ञान कार्यक्रम आयोजित



**डोंगरगढ़।** विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ग्राम पंचायत मुड़पार में आयोजित संगीतमय मानस ज्ञान कार्यक्रम में सम्मिलित हुई।

### पालिका अध्यक्ष ने किया सड़क का भूमिपूजन



**डोंगरगढ़।** वार्ड 21- 22 कचहरी चौक से रविदास नगर जेल रोड ईदगाह तक सड़क निर्माण का श्री गणेश नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे, इंजीनियर, पार्षद राहुल यादव, पूर्व पालिका उपाध्यक्ष शिव निषाद की उपस्थिति में किया गया। सडक के लिए सुशासन शिविर में भी आवेदन वार्ड के पत्रकार ने आवेदन दिया था। भूमिपूजन के दौरान पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि यह सड़क मजबूत और सुंदर बनेगी। सड़क के लिए 25 लाख की स्वीकृति मिली है। कार्य आरंभ होने पर मोहल्ले वासियों में खुशी व्यक्त किया है।

### संरक्षण से लोगों में पनप रहा आक्रोश

**डोंगरगढ़।** जवाबदार अधिकारी द्वारा प्रभावशाली व्यक्ति को दिया जा रहा



संरक्षण गरीबों को नागवार लग रहा है जिससे भाजपा सरकार के खिलाफ आक्रोश पनप रहा है। गरीबों की दुकान तोड़कर एक प्रभावशाली को कोर्ट के आदेश का हवाला देकर पूरी जमीन पर कब्जा करने का हक नगर पालिका ने दे दिया। अब नाले को पाटकर सडक किनारे नाली बनाने वाले पर कार्रवाई करने के बजाए संरक्षण दिया जा रहा है। पालिका द्वारा जमीन के सामने से दुकानों को हटाने के बाद जमीन की कीमत दो गुना बढ़ गई और 3 हजार फिट की जमीन 8 हजार फिट में बिक रही है। जमीन मालिक को 2 से 3 करोड का फायदा होने का अनुमान है।जमीन मालिक ने 4 फुट नाले को तोड कर एक से डेढ़ फुट नाली निर्माण कर सडक किनारे जगह को घेर लिया है।

### कोलिहापुरी मंडई कल

**डोंगरगढ़।** ग्राम कोलिहापुरी में मंडई मेला का आयोजन 20 जनवरी को रखा गया है। रात्रि में रंगे धारा ग्राम-ओनवा खेली का कार्यक्रम होगा। ग्राम के भीसूराम साहू, धनराज, गिरधर साहू, गौतम कंवर, ललेश कंवर ने आसपास के ग्रामीणों से शामिल होने का आव्हान किया है।

### जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित

**मोहला।** कलेक्टर ने कैलेंडर वर्ष 2026 के लिए जिले में तीन स्थानीय अवकाश घोषित किए हैं। जिसमें 25 सितंबर को अनंत चतुर्दशी, 19 अक्टूबर को दशहरा एवं 9 नवंबर को गोर्वधन पूजा शामिल हैं। उक्त अवकाश कोषालय एवं बैंकों पर लागू नहीं होगा।

## निधन



### शोभादेवी बड़वाईक

**डोंगरगढ़।** स्थानीय बस स्टैंड निवासी शोभादेवी बडवाईक का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार जेल रोड मुक्तिधाम में किया गया। वह 86 वर्ष की थी। वह अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई। उनके निधन पर बडवाई परिवार सहित सामाजिक संगठनों ने शोक व्यक्त किया है।

## स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार की घोषणाएं

# डायबिटीज से घबराएं नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़

स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मुख्य आतिथ्य में इंदिरा कला संगीत विवि में स्वास्थ्य विभाग, यूनिसेफ छग व एमसीसीआर ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में बच्चों में बाल मधुमेह की समय पर पहचान, प्रभावी उपचार व समुदाय स्तर पर जागरूकता को लेकर गैर संचारी रोग विषयक जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में स्वास्थ्य मंत्री श्री जायसवाल ने कहा कि बाल मधुमेह टाइप वन डायबिटीज एक ऑटोइम्यून बीमारी है, जिसमें शरीर का प्रतिरक्षा तंत्र स्वयं इंसुलिन बनाने वाली कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह संक्रामक रोग नहीं है और समय पर जांच, नियमित इंसुलिन, संतुलित आहार और सही जीवनशैली प्रबंधन से प्रभावित बच्चे भी सामान्य और सक्रिय जीवन जी सकते हैं। उन्होंने अपील की कि बच्चों में अत्यधिक प्यास लगना, बार-बार पेशाब आना, अचानक वजन कम होना, कमजोरी या अत्यधिक थकान जैसे लक्षण दिखाई देने पर तत्काल चिकित्सक से परामर्श लें। उन्होंने बताया कि सरकार बाल मधुमेह से प्रभावित बच्चों के उपचार, परामर्श सहित आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने निरंतर प्रयासरत है।

### जल्द मिलेगी सीटी स्कैन मशीन

स्वास्थ्य मंत्री ने जिले में स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार को लेकर महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में सोनोग्राफी और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में एक्स रे मशीन उपलब्ध कराने के अलावा भविष्य में सीटी स्कैन मशीन दिए जाने की घोषणा की। जिले को 6 एम्बुलेंस और 1 विशेष एम्बुलेंस उपलब्ध कराने की जानकारी दी। उन्होंने आने वाले समय में सिविल अस्पताल में 50 बिस्तरों वाला मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य भवन स्थापित करने के अलावा स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने 100 नए पदों पर भर्ती शीघ्र निकालने की भी घोषणा की। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि नए जिला अस्पताल के निर्माण तक सिविल अस्पताल को जिला अस्पताल के अनुरूप सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

### समय पर पहचान और इलाज आवश्यक

विधायक यशोदा वर्मा और जिपं उपाध्यक्ष सिंह ने अपने संबोधन में जिले मे स्वास्थ्य विभाग से जुड़ी संस्थागत समस्याओं और जमीनी चुनौतियों की ओर स्वास्थ्य मंत्री का ध्यान आकर्षित किया। उन्होंने स्वास्थ्य सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण को लेकर घोषणाओं के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इनसे स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार होगा। कार्यशाला में 17 बाल मधुमेह से पीड़ित बच्चों को डायबिटीज किट वितरित किया गया। इस दौरान अरुणा बनाफर, ललित चोपड़ा, घम्मन साहू, डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी, शैलेंद्र मिश्रा, बिसेसर साहू, टीके चंदेल, एसपी लक्ष्य विनोद शर्मा, जिपं सीईओ प्रेम कुमार पटेल, डॉ गजेंद्र सिंह, डॉ. आशीष शर्मा, सोनल धुरव, डॉ विवेक बिसेन, डॉ. पंकज वैष्णव, खिलेश साहू, डॉ नागेश सिमकर, डॉ डी श्याम कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

# पिता बनाते हैं मकान, छात्रवृत्ति योजना से खुशबू गढ़ेगी भविष्य

- 2856 बच्चों को मिली योजना के तहत स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला



सिंगरायटोला की एक साधारण सी झोपड़ी में पल रहे सपनों को आज नई उड़ान मिली है। यहां रहने वाले निर्माण श्रमिक जयगोपाल मेश्राम रोजाना कड़ी मेहनत कर ईट-पत्थरों से मकान बनाते है।

उनका एक ही सपना रहा उनकी बेटी पढ़-लिखकर बेहतर और सम्मानजनक जीवन जिए। आर्थिक समस्याओं के बीच भी उन्होंने कभी अपनी बेटी खुशबू मेश्राम की पढ़ाई को बोझ नहीं बनने दिया। मेहनत, लगन और पिता के सपनों के साथ खुशबू आगे बढ़ती रही। इसी बीच श्रम विभाग की मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना परिवार के लिए आशा की किरण बनकर आई। इस योजना अंतर्गत खुशबू को छात्रवृत्ति का लाभ मिला, जिसने उसकी पढ़ाई की राह आसान बन गई।

मुख्यमंत्री नौनिहाल छात्रवृत्ति योजना के माध्यम से कक्षा 1 से लेकर स्नातकोत्तर, पीएचडी एवं शोध कर रहे छात्र-छात्राओं को एक से 10 हजार तक छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है।

### लक्ष्य से ज्यादा को लाभ

जानकारी के अनुसार शैक्षणिक सत्र 2025-26 में जिले को 800 विद्यार्थियों का लक्ष्य मिला था, वहीं 2856 बच्चों को योजना की स्वीकृति दी गई। यह आंकड़ा महज संख्या नहीं, बल्कि उन हजारों परिवारों की उम्मीदों और विश्वास का प्रतीक है, जिनके बच्चे अब शिक्षा के माध्यम से अपने भविष्य को संवार रहे हैं। लगभग 357 प्रतिशत की उपलब्धि यह दर्शाती है कि शासन श्रमिक परिवारों के उत्थान के लिए पूरी प्रतिबद्धता से कार्य कर रहा है।

# शिशुमंदिर में जागरूकता कार्यक्रम



**डोंगरगढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर डोंगरगढ़ में शिशु नगरी कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य वक्ता पूर्व प्रधानाचार्य वैशाली देशकर, विशिष्ट अतिथि डॉ. रेखा रघुरते एवं उषा यादव थी। सर्वप्रथम अतिथियों ने मां सरस्वती, भारत माता और ओम के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। सरस्वती वंदना के बाद बच्चों ने गीत प्रस्तुत किया।

शिशु वाटिका प्रमुख अमिता जैन ने अतिथि परिचय कराया। स्वागत के बाद बच्चों ने मंचीय कार्यक्रम प्रस्तुत किया। माताओं के लिए खेल एवं सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित किया गया। उद्बोधन के क्रम में डॉ. रेखा राघोरते ने माताओं को बच्चों के अच्छे स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी। मुख्य वक्ता वैशाली देशकर ने शिशु नगरी कार्यक्रम का उद्देश्य बताते हुए शिशु वाटिका के बारह आयामों के बारे में बताया। अंत में प्रधानाचार्य जगेश्वर लाल निषाद ने आभार व्यक्त किया। संचालन संध्या मिश्रा और लता सोनकर ने किया। कार्यक्रम में सुशील यादव, उत्तम नागमोते, प्रीति वैष्णव, माया वशिष्ठ, ज्योति शर्मा, चंद्रिका यादव, प्रिया भारती, निशा नागमोते, योगिता नागौते, दिव्या ध्रुव, कामेश्वरी देवांगन, श्वेता गिरधर, कृष्णा निर्मलकर, अश्वनी निर्मलकर, नीलेश निषाद, ममता सोनवानी, कविता यादव, ललिता ठाकुर, प्रीति यादव मौजूद थे।

# शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

माध्यमिक शालाओं के हिन्दी, गणित के शिक्षकों को नवीन पाठ्यक्रम की जानकारी देने के लिए पाँच दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन पूर्व माध्यमिक शाला कंडरापारा में किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा एवं राजगीत से हुई। मास्टर ट्रेनर हिरेन्द्र साहू, महेश यादव, राजेन्द्र टेमरे, पीताम्बर चंद्रवंशी, सुरेन्द्र वर्मा, ओमकार पटेल ने नवीन पाठ्य पुस्तक आधारित अध्यापन के प्रत्येक पहलुओं पर प्रकाश डाला। शिक्षण को रूचिकर बनाने हेतु स्थानीय परिवेश पर आधारित भाषाओं के प्रयोग करने पर जोर दिया।जिला मिशन समन्वयक सतीश ब्योहारे ने प्रशिक्षण का निरीक्षण किया। उन्होंने शिक्षकों को सीखने की प्रक्रिया सतत जारी रखने और शैक्षणिक योजनाओं को शाला में क्रियान्वित करने निर्देशित किया। इस दौरान प्रकाश झाड़े, रफीक अंसारी, बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, खंड स्त्रोत समन्वयक सुरेश सहारे उपस्थित थे।



### शिक्षकों को दो चरणों में प्रशिक्षण

**डोंगरगांव।** जोन स्तरीय नवीन पाठ्यक्रम पर आधारित दस दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण सेजेस हॉल में दो चरण में संपन्न हुआ। समापन मौके पर बीईओ आरएल पात्रे, बीआरसी अरविंद रत्नाकर, प्राचार्य बीएल देवांगन, उमा हरिवंश एवं जोन प्रभारी डामन साहू, डीके साहू उपस्थित थे। बीईओ ने सभी प्रशिक्षर्थियों को एनईपी 2020 के अनुसार खेल खेल में शिक्षण कार्य कराने एवं शाला में शत प्रतिशत उपस्थिति पर जोर दिया। प्रशिक्षण में डोंगरगांव, आसरा, खुज्जी, मनेरी, बीजेभाठा, मोहड़, कोकपुर संकुल के शिक्षक शामिल हुए। शिक्षकों ने पहले 5 दिनों ऑनलाइन और शेष पांच दिन ऑफलाइन प्रशिक्षण प्राप्त किया। मास्टर ट्रेनर ओगेश्वर साहू, भगत पटेल, मेहतराम सोनकर ने शिक्षकों को नई शिक्षण अधिगम पद्धतियों, गतिविधि आधारित शिक्षण, बाल केंद्रित शिक्षा, मूल्यांकन की नई तकनीक और कक्षा शिक्षण को रोचक और प्रभावी बनाने के व्यवहारिक उपाय बताए।

# तहसीलदार ने छात्रों को किया प्रोत्साहित



**खड़गांव।** तहसीलदार राज आशीष ने आगामी बोर्ड परीक्षा को दृष्टिगत रखते हुए आत्मानंद स्कूल पहुंचकर छात्र छात्राओं को प्रोत्साहित किया। उन्होंने परीक्षा में सफलता हासिल करने के टिप्स दिए।राज आशीष ने विद्यार्थियों को मोबाइल से दूरी बनाने और लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी करने कहा। उन्होंने सिलेबस पर ध्यान रखने, निरंतर रिवीजन करने, उत्तर लेखन का अभ्यास करने, माक्स टेस्ट और पुराने प्रश्न पत्र का अवलोकन करने, सरल प्रश्नों को पहले हल करने का सुझाव दिया। उन्होंने प्रश्न हल करने से पहले पढ़ने, समय सीमा में प्रश्नों को हल करने कहा। अंत में स्कूल प्रबंधन ने तहसीलदार राज आशीष का धन्यवाद ज्ञापित किया।

# 26 एवं 27 को होंगे रंगारंग कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अंबागढ़ चौकी

गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर शासकीय एवं निजी स्कूलों के प्रमुखों की बैठक नगर पंचायत के सभागृह में आयोजित की गई। बैठक में गणतंत्र दिवस 26 एवं 27 जनवरी को मनाने का निर्णय लिया गया। पहले दिन 26 जनवरी को देशभक्ति से जुडे एवं दूसरे दिन रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति होगी। गणतंत्र दिवस का मुख्य समारोह पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल परिसर में होगा। मुख्य समारोह स्थल पर परेड, सलामी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक होंगे। दूसरे दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुतिया प्रातः 11 से बजे तक कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में बीईओ एसके धींवर, सीएमओ विजय पांडेय, उपाध्यक्ष पवन गुप्ता के अलावा विभिन्न स्कूल के प्राचार्य और प्रमुख उपस्थित थे।

### मेधावी विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत

गणतंत्र दिवस समारोह में दसवी एवं बारहवी बोर्ड में प्रावीण्य सूची में आने वाले तथा प्रतियोगी परीक्षाओं में स्थान बनाने वाले छात्र छात्राओ को नगर पंचायत द्वारा सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिताओं के प्रतिभागियों को पुरूस्कृत किया जाएगा।

## आत्मानंद स्कूल में पूर्व छात्रों का सम्मेलन

# छात्र सम्मेलन में ताजा हुई पुरानी यादें

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

पीएम श्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय में गत दिनों पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में विद्यालय के वर्तमान छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी।

मुख्य अतिथि पूर्व छात्र एवं पूर्व विधायक प्रकाश यादव थे। अध्यक्षता पूर्व छात्र एवं पूर्व विधायक इमरान मेमन ने की। विशिष्ट अतिथि अर्जुनदास वैष्णव, मिथिलेश दुबे, प्रीतराम चंद्रवंशी, रामेश्वर प्रसाद वर्मा, दिनलाल मंडलोई, चितानंद यदु, चंद्रिका प्रसाद डडसेना, सतवंतसिंह भाटिया, ओम प्रकाश शर्मा, विष्णुदेव ठाकुर, भुवनेश्वर प्रसाद



साहू, बिहारीदास वैष्णव, रमेश जैन, पालनदास साहू, कार्तिकराम साहू, देवदत्त साहू, विजय गुप्ता, जावेद मेमन, तुलाराम साहू, सतीश पटेल, सुरेंद्रसिंह भाटिया, अजय पटेल, नंदकुमार देशमुख, अशोक मालेकर, संजीव गुप्ता, मनभावन सिंह उइके थे। कार्यक्रम में शामिल सभी पूर्व छात्र विभिन्न क्षेत्रों जैसे शिक्षा, प्रशासन, विभिन्न विभागों के अधिकारी, राजनीति, कृषि, व्यवसाय एवं अन्य महत्वपूर्ण क्षेत्रों में कार्यरत हैं अथवा सेवानिवृत्त हो चुके हैं।

### अनुभव किया साझा

मुख्य अतिथि प्रकाश यादव ने अपने उद्बोधन में विद्यालय से जुड़ी पुरानी स्मृतियों को साझा करते हुए छात्र-छात्राओं को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरणादायक अनुभव बताए। अध्यक्षता कर रहे इमरान मेमन ने भी छात्र जीवन के अनुभव साझा करते हुए विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारण एवं सतत परिश्रम का संदेश दिया। अन्य पूर्व छात्रों ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में विद्यालय के अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा ने आभार प्रदर्शन किया।

# थाना प्रभारी के खिलाफ सांसद पांडेय से शिकायत

## जिपं सदस्य ने लगाए कई आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ डोंगरगढ़

जिला पंचायत सदस्य अनिता मंडावी ने सांसद संतोष पांडेय को प्रेषित पत्र में बोरतलाव थाना प्रभारी पर कई गंभीर आरोप लगाए हैं।

पत्र में शराब कारोबार को संरक्षण देने, मजदूरों को झूठे मामलों में फंसाने और अपराधों पर कार्रवाई नहीं करने जैसे आरोप लगाए गए हैं। उन्होंने अपने पत्र में लिखा है कि थाना प्रभारी के कार्यक्षेत्र में अवैध शराब की खुलेआम बिक्री हो रही है। गरीब मजदूरों को पकड़कर उनके खिलाफ झूठे केस दर्ज किए जाते हैं। उन्होंने बताया कि बोरतलाव के भूपेंद्र मंडावी को काम पर जाते समय पकड़कर धारा 151 के तहत जेल भेज दिया गया, जबकि उसके खिलाफ पूर्व में कोई शिकायत नहीं थी। पत्र में यह भी उल्लेख है कि थाना से मात्र 200 मीटर की दूरी पर सूर्यचंद लोधी के घर में दिनदहाड़े चोरी की घटना हुई, जिसकी रिपोर्ट दर्ज होने के बावजूद कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने 11 जनवरी को शराब का अवैध परिवहन करते पकड़े गए दो आरोपियों को लेकर गंभीर सवाल उठाए हैं।

आरोप है कि उन्हें थाने से बार-बार ले जाया जा रहा है। श्रीमती मंडावी ने पत्र में कहा है कि थाना प्रभारी के कार्यों से शासन की छबि धूमिल हो रही है। उन्होंने जांच कर कार्रवाई की मांग की है।

# श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा 22 को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया

वनांचल स्थित ग्राम पंचायत जंगलपुर के आश्रित ग्राम मगरकुंड में अगामी 22 जनवरी को ग्रामवासियों के सहयोग से नवनिर्मित श्रीराम मंदिर में प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। इस अवसर पर गांव की महिला एवं बालिकाओं द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। तत्पश्चात विधि विधान एवं



मंत्रोच्चारण के साथ श्रीराम प्रतिमा की स्थापना की जाएगी। कार्यक्रम में क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन समिति ने क्षेत्र के लोगों से उपस्थिति की अपील की है।





विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## सार समाचार

### ‘मुकमाटी’ एक्सप्रेस ट्रेन का स्वागत

**राजनांदगांव।** परम पूज्य जैनाचार्य श्री विद्यासागर महाराज की पुण्य स्मृति में उनके द्वारा रचित पवित्र ग्रंथ ‘मुकमाटी’ के नाम से केंद्र सरकार द्वारा मुकमाटी एक्सप्रेस जबलपुर से रायपुर तक नई ट्रेन को स्वीकृति प्रदान की गई है। इस ट्रेन के प्रथम आगमन पर राजनांदगांव रेलवे स्टेशन में समग्र जैन समाज द्वारा भव्य स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। ट्रेन के लोको पायलट श्री महंतों एवं सुधीर पटनायक तथा उनके सहयोगी स्टाफ का स्वागत किया गया। इस अवसर पर पार्षद रवि सिन्हा उपस्थित रहे।



### युगांतर में मनी विवेकानंद जयंती

**राजनांदगांव।** युगांतर पब्लिक स्कूल में विवेकानंद जयंती हर्षोल्लास से मनाई गई। विद्यालय के प्राचार्य मधुसूदन नायर तथा शिक्षकों ने विवेकानंद के तैलचित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन किया। विवेकानंद के पद चिन्हों में चलने का संकल्प लिया।



विद्यालय के प्राचार्य ने बधाई संदेश देते कहा कि विवेकानंद की वक्तव्य शैली से सारा विश्व प्रभावित हुआ था। उन्होंने अमेरिका के शिकागो के विश्व स्तरीय धर्म सम्मेलन में जो वक्तव्य दिया था, वह भारत के लिए प्रभावकारी था। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे विवेकानंद की वक्तव्य शैली अपनाकर भारत का नाम विश्व पटल पर पुनः गौरवान्वित करें। भारत को ऐसे महान व्यक्तित्व की पुनः आवश्यकता है।

### कलेक्टर ने किया सम्मानित

**राजनांदगांव।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी जितेन्द्र यादव ने कलेक्टोरेट में निर्वाचक नामावलियों का विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कलेक्टर द्वारा विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 75-राजनांदगांव अंतर्गत आने वाले मतदान केन्द्र क्रमांक 22 बजरंगपुर नवागांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बीएलओ सुनीता सेवता तथा मतदान केन्द्र क्रमांक 17 पेंड्री की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं बीएलओ जीनत ठाकुर को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।



### पीएचई विभाग ने शिकायत पर किया निरीक्षण

**राजनांदगांव।** जल जीवन मिशन अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम पंचायत कुम्हालोरी में ड्रीस्ट्रीब्यूशन पाईप लाइन 900 मीटर, नल कनेक्शन 90 नग, क्लोरिनेटर रूम 1 नग एवं क्लोरिनेटर स्थापना 1 नग का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। ग्राम में पूर्व से निर्मित उच्च स्तरीय जलागार के माध्यम से ग्राम के 206 परिवारों तक नल के माध्यम से शुद्ध पेयजल प्रदाय किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को ग्राम में गंदे पेयजल की आपूर्ति की शिकायत मिलने पर त्वरित कार्रवाई करते जांच टीम गठित की गई। जांच टीम द्वारा सरपंच एवं नल ऑपरेटर के साथ मिलकर ग्राम में बने टंकी एवं वाल्व चेम्बरों का निरीक्षण किया गया। साथ ही ग्रामीणों से संपर्क भी किया गया। जांच में पाईप लाइन एवं वाल्व में कहीं भी लीकेज व सिपेज नहीं पाया गया। वाल्व चेम्बरों में कचरा जमा हो गया था। जिसकी मौके पर ही सफाई की गई। ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों को नियमित शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने पानी टंकी एवं वाल्व चेम्बर की सफाई सहित अन्य कार्य को समय-समय पर कराने कहा गया।

### 21 को 10 किमी दौड़ेंगे यथार्थ

**राजनांदगांव।** यथार्थ सम्राट भारतीय निवासी चिखली दीनदयाल कालोनी राजनांदगांव अपने जीवन के आठवें वर्ष में प्रवेश करने के साथ जीवन को सार्थक बनाने और मानवता के लिए कार्य करने का संकल्प लेते समाजहित और देशहित में इतनी छोटी सी उम्र में देश की आन, बान और शान भारतीय संविधान और भारतवासियों को निरोगी जीवन जीने हेतु उनके अच्छे स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश देने 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के 5 दिन पूर्व 21 जनवरी को मुक्तिधाम लखोली राजनांदगांव से तथागत बुद्ध को नमन करते सुबह 8 बजे दौड़ प्रारंभ कर शहर के विभिन्न मार्गों से दौड़ते 10 किलोमीटर की दूरी तय करते जिला कार्यालय परिसर में स्थापित डॉ. बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष दौड़ का समापन करेंगे।दौड़ समाप्त करने के पश्चात यथार्थ सम्राट भारतीय कलेक्टर और जिला पुलिस अधीक्षक को संविधान की किताब भेंट करेंगे।



### मेडिकल कॉलेज में 19 से निःशुल्क कैंसर जांच शिविर

**राजनांदगांव।** जिला स्वास्थ्य समिति राजनांदगांव एवं बालको मेडिकल सेंटर नया रायपुर के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 25 जनवरी तक सुबह 10.30 से शाम 4 बजे तक शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय पेंड्री राजनांदगांव में सुरक्षा चक्र के तहत निःशुल्क कैंसर जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में मेमोग्राफी मशीन, मुख कैंसर परीक्षण (ब्रश साइटोलॉजी), स्त्री रोग संबंधी परीक्षण (पेप स्मीयर) सहित अन्य सेवाएं उपलब्ध रहेगी।

शिविर में कैंसर रोग विशेषज्ञ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद पटेल, डॉ. पलक अग्रवाल, डॉ. दिवाकर पांडेय, डॉ. मीना आर्मो, डॉ. सुनिता मेश्राम सहित अन्य चिकित्सकों द्वारा स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक स्वास्थ्य परामर्श दिया जाएगा। स्तन में गांठ, असामान्य गांठ या उभार, मुंह में बदलाव या आवाज में भारीपन, निगलने में कठिनाई, लगातार खांसी व सिरदर्द या बदन दर्द, ठीक न होने वाले छाले व घाव, बार-बार बुखार या संक्रमण, खून की कमी, सिकल सेल एनीमिया, थैलेसेमिया, रक्त संबंधित बीमारियां, त्वचा (स्किन) में बदलाव, वजन में बिना कारण कमी, मल या मूत्र त्यागने की आदतों में बदलाव, मासिक धर्म चक्र में बदलाव या पेट के निचले हिस्से में दर्द कैंसर के लक्षण हो सकते हैं। नागरिक शिविर में उपस्थित होकर कैंसर जांच करा सकते हैं।

### सम्बलपुर में मंडई आज

**राजनांदगांव।** ग्राम सम्बलपुर में मां भानेश्वरी देवी के पावनधाम में ग्रामवासियों की ओर से माता मंडई का आयोजन कल 19 जनवरी को आयोजित किया गया है। रात्रि में मनोरंजन कि लिए छत्तीसगढ़ी लोककला नाच पार्टी पचपेडी मोखा धमतरी वालों का कार्यक्रम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम पंचायत सरपंच उमाकांत चंद्राकर, ग्रामीण अध्यक्ष खूबलाल साहू ने दी।

### अनुपम नगर में आज से श्रीराम कथा का आयोजन

**राजनांदगांव।** अनुपम नगर में आदर्श महिला मंडल द्वारा 19 से 26 जनवरी तक संगीतमय श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। कथा अयोध्याधाम अनुपम वाटिका में होगी और कथा वाचक प्रख्यात मानस कोकिला ब्रजेश्वरी देवी श्रीधाम अयोध्या होगी। कथा प्रारंभ होने से पूर्व सुबह 10 बजे भव्य कलश यात्रा अनुपम नगर से निकलेगी, जो प्रमुख मार्गों से होते हुई वापस कथा स्थल पर पहुंचकर विसर्जित होगी।

---

### राज्य स्तरीय कराते चौंपियनशिप में दुर्ग वीनर, राजनांदगांव रनरअप

# परिस्थितियां कितनी भी प्रतिकूल हो खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता : मधु

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी में आयोजित दो दिवसीय राज्य स्तरीय कराते चैम्पियनशिप का देर शाम कमलादेवी राठी महाविद्यालय में आयोजन किया गया। जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के 365 खिलाड़ियों ने भाग लेकर कराते के खेल में काता एवं कुमिते (फाईट) विधा में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

आयोजन में सर्वाधिक पदकों के साथ दुर्ग जिला ओव्हरऑल चैम्पियन रहा, राजनांदगांव जिला रनर अप रहा। जबकि रायपुर जिले के खिलाड़ियों ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। आयोजन में महापौर मधुसूदन यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अध्यक्षता नीलू शर्मा अध्यक्ष छग टूरिज्म बोर्ड एवं अध्यक्ष जिला कराते संघ ने की। विशेष अतिथिगण के रूप में छग कराते संघ के सचिव अमल तालुकदार, कोषाध्यक्ष डी. रमेश, वरिष्ठ कराते प्रशिक्षकगण कमल पूजन एवं जी. अमर उपस्थित रहे।

आयोजन समिति की ओर से वरिष्ठ कराते प्रशिक्षक एवं जिला कराते संघ राज के सचिव शिहान मुरली सिंह भारद्वाज, अंतर्राष्ट्रीय कराते खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक अंबर सिंह भारद्वाज, कोषाध्यक्ष दुर्गेश त्रिवेदी, सह-सचिव सतीश पद्म मंच पर उपस्थित रहे।



निर्णायकगण एवं समिति सदस्यों में अकादमी ऑफ मार्शल आर्ट्स स्कूल कस्तूरबा महिला मंडल के प्रशिक्षक एवं सीनियर खिलाड़ी जयप्रकाश साहू, मोनिका पाढ़ी, लोकिता साहू, करण साहू, दुर्गेश साहू, तरुण साहू ,जयदीप सिन्हा, भास्कर साहू, लोचन साहू, पुरविल साहू, सुधा साहू, ओम नेहा सिन्हा, अन्नपूर्णा साहू, मानिक वर्मा एवं अन्य उपस्थित रहे।

आयोजक मंडल द्वारा गणमान्य अतिथिगण के स्वागत पश्चात महापौर मधुसूदन यादव के करकमलों से दीप प्रज्वलित करवाकर समापन समारोह का शुभारंभ किया गया। आयोजन में मुरली सिंह भारद्वाज द्वारा स्वागत अभिभाषण के बाद टूर्नामेन्ट के आयोजन के बारे में जानकारी दी गई। वरिष्ठ प्रशिक्षक कमल पूजन द्वारा खिलाड़ियों को अपने भाषण से प्रोत्साहित किया गया। शिहान अमल तालुकदार ने अपने वक्तव्य में छग प्रदेश में कराते के खेल के भूत, भविष्य एवं वर्तमान परिदृश के बारे में अवगत कराया।

#### सेल्फडिफेंस आवश्यक

आयोजन की अध्यक्षता कर रहे नीलू शर्मा, अध्यक्ष छग टूरिज्म बोर्ड एवं राजनांदगांव जिला कराते संघ राजनांदगांवने बच्चों के लिए जीवन में पढ़ाई के साथ-साथ सेल्फ डिफेंस की कला को आवश्यक बताया और कराते को आत्मरक्षा को उत्तम माध्यम बताया। उन्होंने यह भी कहा कि आज के बच्चे कल का भविष्य होंगे। आप सभी मजबूत होंगे तो देशहित में, राष्ट्रहित में बेहतर कार्य करेंगे, ऐसी मैं कामना करता हूं।

#### खेल प्रतिभा को तराशने का कार्य

मुख्य अतिथि महापौर मधुसूदन यादव ने अपने उद्बोधन में कहा की जीवन में परिस्थितियां कितनी ही प्रतिकूल क्यों ना हो, किन्तु एक खिलाड़ी कभी हार नहीं मानता, वो आखिरी साँस तक लड़ने और जीतने का ही प्रयास करता है। ऐसा ही जज्बा मुझे आप सब बच्चों में दिखाई देता है। जिसके लिए मैं आप सब प्रशिक्षकों एवं खिलाड़ियों को, विशेषकर यहां के कराते प्रशिक्षक मुरली सिंह भारद्वाज, कमल पूजन एवं अंबर सिंह भारद्वाज को बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूं, जो विगत कई वर्षों से कराते के खेल को आगे बढ़ाने का कार्य करते रहे हैं और संस्कारधानी की कई खेल प्रतिभाओं को राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर तलाशने एवं तराशने का कार्य करते रहे हैं।

---

### मूलचंद बने किसान मोर्चा प्रदेश मंत्री

**राजनांदगांव।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन द्वारा विभिन्न दायित्वों की घोषणा की गई है। यह नियुक्तियां पार्टी संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा पार्टी की रीति-नीति एवं सिद्धांतों को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से क्रियान्वित करने के उद्देश्य से की गई है। प्रदेश संगठन द्वारा किसान मोर्चा के प्रदेश मंत्री के रूप में मूलचंद लोधी की नियुक्ति की गई है। वहीं कैलाश शर्मा को प्रदेश प्रवक्ता का दायित्व सौंपा गया है। राजनांदगांव जिले से किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष दादूराम सोनकर तथा पूर्व जिला अध्यक्ष किसान मोर्चा हिरेन साहू को प्रदेश संयोजक पीएम धन-धान्य कृषि प्रकल्प की जिम्मेदारी दी गई है। इसके साथ ही विकसित भारत जी-राम-जी योजना हेतु प्रदेश संयोजक का दायित्व बीरेंद्र सिंह को सौंपा गया है।



नवनियुक्त प्रदेश मंत्री मूलचंद लोधी पूर्व में भारतीय जनता पार्टी के विभिन्न दायित्वों का निर्वहन पूर्ण निष्ठा, निष्पक्षता एवं कुशलता के साथ कर चुके हैं। उनके नेतृत्व एवं कार्यशैली के माध्यम से पार्टी ने चुनावी समय में निरंतर नई ऊंचाईयों को छुआ है। इन्हीं सफल कार्यों के परिणामस्वरूप पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक अध्यक्ष सचिन सिंह बघेल, पार्षद रवि सिन्हा, अतुल रायजादा, अरुण शुक्ला, योगेश खत्री, घासीराम साहू, मनीष सोनी, जैन कुमार मेश्राम, रवि यादव, जसमीत बन्नोआना, हेम कुमार साहू सहित अन्य कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

## गौ विज्ञान परीक्षा आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

प्रदेश के 33 जिलों के 6 हजार से अधिक संस्थानों में एक साथ गौ विज्ञान परीक्षा होगी। एक लाख 70 हजार से अधिक विद्यार्थी सहभागी होंगे। परीक्षा को लेकर संस्था की ओर से तैयारी पूर्ण कर ली गई है। गौ सेवा संकल्प दिवस के रूप में परीक्षा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। गौ, राष्ट्र एवं जगत कल्याण के लिए इसी दिन सामूहिक सवा करोड़ श्री सुरभ्ये नमः मंत्र का जप भी किया जाएगा। साथ ही विद्यार्थियों को गौवंश से ही होगा।

उक्त जानकारी देते प्रदेश परीक्षा प्रमुख सुबोध राठी ने बताया कि छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति द्वारा आयोजित गौ विज्ञान परीक्षा में विद्यार्थियों के बीच अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिल रहा है। इसके प्रथम चरण की परीक्षा 19 जनवरी को दोपहर 1 बजे से प्रदेशभर में एक साथ होगी। प्रथम चरण की परीक्षा में चयनित विद्यार्थी 8 फरवरी को होने वाले दूसरे चरण की परीक्षा में शामिल होंगे, जो पूरे प्रदेश के सभी 33 जिला मुख्यालय केंद्रों में एक साथ होगी। चयनित विद्यार्थी तीसरे चरण की परीक्षा में सहभागी होंगे, जो अप्रैल माह में रायपुर में आयोजित की जाएगी।

## भूतपूर्व छात्र सम्मलेन को भव्य बनाने जुटे सीनियर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

भूतपूर्व छात्र स्नेह सम्मेलन 2025-26 के विषय में आज पीएमश्री राजा सर्वेश्वरदास विद्यालय राजनांदगांव (म्युनिसपल स्कूल) में अतिआवश्यक बैठक आहूत की गई। जिसमें पूर्व वरिष्ठ छात्र शामिल हुए। सभी ने कार्यक्रम को लेकर अपना सुझाव साझा किया।

सारगर्भित परिचर्चा के माध्यम से तय हुआ कि आगामी शालेय परीक्षा को ध्यान में रखते मार्च माह में तिथि निर्धारित कर आयोजन को विशाल रूप से आयोजित किया जाना सार्थक होगा। इस पर सभी ने अपनी सर्वसम्मति प्रदान की। एलुमिनी मीट कार्यक्रम को सफल बनाने जल्द ही सभी की उपस्थिति में एक बैठक आयोजित की जाएगी। जिसमें पूर्व/ वर्तमान/ अधिकारी/ कर्मचारी, उद्योगपति, राजनीतिक, शैक्षणिक, सामाजिक, व्यापारिक, सांस्कृतिक सहित विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े भूतपूर्व पदाधिकारी/छात्र-छात्राओं की कमेटी बनाने का निर्णय लिया गया है। विषयवार जिम्मेदारी के माध्यम से कार्यक्रम का आयोजन किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर श्रवण कुमार मिश्रा, आनंद चोपड़ा, राजेश अग्रहरि, राजेन्द्र यादव, राकेश इंदुभूषण ठाकुर, शैलेन्द्र कुमार देवांगन, शैलेंद्र तिवारी, चंदन सिंह भारद्वाज, राजेश कुमार डागा, मिलिंद मुदलियार, एसके मिश्रा, गेमू कुंजाम, रवि देवांगन, कमलेश सूर्यवंशी, अमित घोष, आकाश त्रिपाठी, प्रेमा सोनकर, मनोज सोनकलिहारी, एवन देवांगन सहित अन्य उपस्थित थे।



## रामानंदाचार्य की जयंती मनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जगद्गुरू श्री रामानंदाचार्य जी की 726वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, आकाश शर्मा, अभिषेक तिवारी ने संयुक्त विज्ञाप्ति जारी कर बताया कि श्रीराम जानकी बाला बाबा ठाकुर मंदिर में जगद्गुरू रामानंदाचार्य जी की जयंती भव्य रूप से मनाई गई।

अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के जिला प्रभारी निखिल वैष्णव ने कहा कि जगत गुरू रामानंदाचार्य की भक्ति मार्ग की प्रेरणता से मध्यकालीन भक्ति मार्ग के प्रमुख संघ थे। रामानंदी सम्प्रदाय की स्थापना भी जगत गुरू रामानंदाचार्य ने की थी।

उक्त कार्यक्रम राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के नगर संचालक शिव श्रीवास्तव, पार्षद शैंकी बग्गा, निखिल वैष्णव, विवेक त्रिपाठी, ज्ञानेश्वर वैष्णव, भोलादास वैष्णव, गिरिश परिहार व दिलीप वैष्णव ने अपने विचार रखे। कार्यक्रम का संचालक ज्ञानेश्वर वैष्णव व आभार प्रदर्शन निखिल वैष्णव ने किया। उक्त अवसर पर रविन्द्र श्रीवास्वत, अनिल श्रीवास्तव, अनिल नागवंशी, राम वैष्णव, सुधा श्रीवास्वत, प्रकाशदास वैष्णव, रीतू श्रीवास्तव, कनकलता वैष्णव, मीरा विश्वकर्मा, नेहा यादव, सरस्वती यादव, शोभा श्रीवास्तव, रूपमति निर्वाणी, मौसमी निर्वाणी, लतारानी वैष्णव, विष्णु सिंह ठाकुर, वल्ला सिंह ठाकुर, अरूण भास्कर गुप्ता, वैभव निर्वाणी आदि उपस्थित थे।



#### निर्गुण उपासक थे रामानंदाचार्य

सर्वप्रथम रामानंदाचार्य जी पूजन अर्चन कर, रामचरित मानस का पाठ किया गया। तत्पश्चात रामानंदाचार्य को याद करते अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देव कुमार निर्वाणी ने कहा कि जगद्गुरू रामानंदाचार्य का जन्म 1400 ई. पूर्व प्रयागराज में एक ब्राह्मण परिवार में हुआ था। स्वामी रामानंदाचार्य ने भक्ति का मार्ग सभी वर्गो के लिए जान जाता था। जिनमें कबीर दास, रविवास थे। ये निर्गुव पंथ के उपासक थे । सगुर्ण उपासक में संत नरहरि दास, धन्ना जाट, सुरसुरानंद, पीपा दास, नाभादास, अनंतानंद, सेन, भावानंद, सुरसुरि, पद्मावत, सुखानंद जैसे 12 शिष्य थे।

---

### पृष्ठ 9 का शेष

#### कार में शराब की...

उक्त वाहन को रोका गया। जिसकी तलाशी लेने पर आरोपी हिमांशु निर्मलकर 22 वर्ष निवासी कुरूद थाना कुरूद जिला धमतरी के कब्जे से आर्टिका कार। जिसमें 16 पेटी मध्यप्रदेश निर्मित अंग्रेजी शराब व मोबाइल कुल जुमला रकम 12,22,096 रुपए जब्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध चौकी तुमडीबोड थाना लालबाग में धारा 34(2) आबकारी एक्ट के अंतर्गत प्रकरण पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्रवाई की गई।

#### चार सूत्रीय मांगों...

छन्नू साहू, सुशील शर्मा, अजय कवड़, विष्णु प्रसाद साहू, छत्तीसगढ़ सहायक शिक्षक समग्र शिक्षक फेडरेशन के जिला सचिव ओमप्रकाश साहू, जिला मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे, खिलावन ठाकुर, नागेश साहू, कीरत गणवीर, सूरज शर्मा, हीरालाल मौर्य, प्यारेलाल साहू ने संबोधित करते चार सूत्रीय मांग को पूरा करने की मांग की।

#### एकलव्य परिसर में...

इन आरोपों पर बकायदा अफसरों की जांच टीम बनाई गई, जो अभी प्रक्रिया में ही है। इसी बीच आरोप है कि जिला भाजपा अध्यक्ष दिलीप वर्मा बिना किसी प्रशासनिक अनुमति के खुद ही अपने दर्जनभर साथियों के साथ विद्यालय पहुंचकर शांत हो रहे माहौल को और राजनीतिक रूप दे दिया है। श्री वर्मा न केवल अति संवेदनशील एकलव्य परिसर पहुंचे, उन्होंने बकायदा जिनकी शिकायतें की गई हैं, उन्हें आम माफी का ऐलान भी कर दिया।

---

## नेहरू नगर में अवैध धर्मांतरण का मामला विश्व हिंदू परिषद ने की थाना में शिकायत

**राजनांदगांव।** शहर के नेहरू नगर के एक मकान में धर्मांतरण की सूचना मिलने पर विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल के कार्यकर्ता मौके पर पहुंचे। यहां अवैध धर्मांतरण के खिलाफ विहिप और बजरंग दल ने विरोध जताते हुए नारेबाजी की। इसके बाद सभी कार्यकर्ताओं ने इस संबंध में कोतवाली थाना पहुंचकर ज्ञापन के माध्यम से कार्रवाई की मांग की।

विश्व हिन्दू परिषद के नगर मंत्री अंकित खंडेलवाल ने कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों पर धर्मांतरण का कारोबार चलाया जा रहा है। जिसमें लोभ-लालच और जनता को भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि नेहरू नगर के एक निवास स्थान पर अवैध चर्च बनाकर धर्मांतरण की गतिविधियों को अंजाम दिया जा रहा है। इधर हिंदू संगठनों के विरोध की जानकारी मिलने पर पुलिस प्रशासन भी मौके पर पहुंची थी।



#### जांच और कार्रवाई की मांग

बजरंग दल के जिला संयोजक राहुल बल्देव मिश्रा ने कहा कि यह घटना समाज में धार्मिक सौहार्द्र बिगाड़ने का प्रयास है और इसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने कोतवाली थाना से इस मामले में तत्काल जांच और कार्रवाई की मांग की है।

---

### जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

# स्पर्धा में बच्चों ने लक्ष्य पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

संस्कारधानी तीरंदाजी संघ द्वारा स्वामी विवेकानंद जयंती के उपलक्ष्य में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर में जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतिवर्ष यहां बच्चों की खेल प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है।

अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम परिसर में छात्र-छात्राओं को निःशुल्क तीरंदाजी का प्रशिक्षण दे रही संस्कारधानी तीरंदाजी संघ द्वारा बच्चों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यहां पर जिला स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 12 स्कूल के लगभग 60 बच्चों ने हिस्सा लिया। इस दौरान प्रतिभागी बच्चों ने अपनी तीरंदाजी की खेल कला को प्रदर्शित करते टारगेट पर निशाना साधा।



#### किया गया पुरस्कृत

तीरंदाजी की एक दिवसीय इस जिला स्तरीय इस प्रतियोगिता में स्कूली विद्यार्थियों ने काफी उत्साह के साथ हिस्सा लिया। इस अवसर पर विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के खेल शिक्षक और स्थानीय नागरिक एवं तीरंदाजी के खिलाड़ी उपस्थित थे।

#### 5 वर्षों से हो रहा आयोजन

तीरंदाजी प्रतियोगिता के आयोजन को लेकर कोच राहुल साहू का कहना है कि यहां लगभग 5 वर्षों से युवा दिवस के उपलक्ष्य में तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन बच्चों की तीरंदाजी प्रतिभा को निखारने के लिए किया जाता है। उन्होंने बताया कि यहां बच्चों को निःशुल्क तीरंदाजी का प्रशिक्षण भी संघ द्वारा दिया जा रहा है। वर्तमान में लगभग 100 बच्चे यहां प्रशिक्षण ले रहे हैं।



**खबर संक्षेप**

## नालियों की सफाई से हरिनछपरा में स्वच्छता अभियान तेज, ग्रामीणों को मिला रोजगार



**बरबसपुर।** बोड़ला विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत हरिनछपरा में नालियों की साफ-सफाई का कार्य प्रारंभ हो गया है, जिससे गांव में स्वच्छता का माहौल बन रहा है और ग्रामीणों को रोजगार भी मिल रहा है। ग्राम पंचायत की सरपंच श्रीमती रेखाबाई धुर्वे, उपसरपंच शीतला भारती एवं सचिव रोहित कोसले के निर्देशन में यह कार्य कराया जा रहा है। जानकारी के अनुसार राजू चतुर्वेदी के घर से लेकर हरिनछपरा गांव के अंदर तक मजदूरों से नालियों की सफाई कराई जा रही है। इस अभियान से चौक-चौराहे, मोहल्ले और गलियां स्वच्छ होती नजर आ रही हैं। सफाई कार्य से ग्रामीणों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों ने सरपंच, उपसरपंच और सचिव के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस पहल से गांव स्वच्छ होने के साथ-साथ मजदूरों को रोजी-रोटी का साधन भी मिल रहा है। इस अवसर पर राजाराम, कलीराम भारती, सालिक कुर्रे, जलेश बघेल, रामविलास जांगड़े, राजू चतुर्वेदी, सत्यनारायण भारती सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित थे।

### नवापारा सड़क बनी हादसों का कारण, सफाई के अभाव में जमे खरपतवार

# दो साल में ही जर्जर हुई मुख्यमंत्री ग्राम सड़क, 40 लाख की लागत पर उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

पण्डरिया विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नवापारा में मुख्यमंत्री ग्राम सड़क विकास योजना के तहत मेन रोड से नवापारा तक लगभग डेढ़ किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण करीब दो वर्ष पूर्व किया गया था। यह सड़क पांच वर्ष की गारंटी अवधि में आती है, लेकिन निर्माण के मात्र दो साल के भीतर ही सड़क की हालत खराब होने लगी है। सड़क के दोनों किनारे क्षतिग्रस्त हो चुके हैं, जगह-जगह दरारें पड़ गई हैं और किनारे से सड़क टूटने लगी है, जिससे ग्रामीणों में भारी आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों का आरोप है कि लगभग 40 लाख रुपये की लागत से बनी इस सड़क में अब तक न तो साइड शोल्डर डाला गया है और न ही नियमित सफाई की गई है। निर्माण के दौरान केवल रंग-रोगन और औपचारिक कार्य कर भुगतान निकाल लिया गया, जबकि आवश्यक तकनीकी कार्य अधूरे छोड़ दिए गए। सड़क के दोनों ओर साइड शोल्डर के रूप में मुरूम या मिट्टी की परत नहीं डाली गई, जबकि इसका मुख्य उद्देश्य डामर की परत को मजबूती प्रदान करना होता है। साइड शोल्डर नहीं होने के कारण सड़क के किनारे लगातार टूट रहे हैं और गहरे गड्ढे बनते जा रहे हैं, जिससे वाहन अनियंत्रित होकर पलटने का खतरा बना हुआ है। इसके साथ ही सड़क किनारे साफ-सफाई नहीं होने से झाड़-झंखाड़ उग आए हैं, जिससे सांप-बिच्छू जैसे जहरीले जीवों का खतरा बढ़ गया है। सड़क के दोनों ओर फैली झाड़ियां और कांटे दृश्य बाधित करते हैं, जिससे स्कूली बच्चों, ग्रामीणों और ट्रैक्टर-ट्रक चालकों को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है। ग्रामीणों का कहना है कि इस स्थिति में कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है।

**स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन व जनप्रतिनिधियों से की मांग**




स्थानीय लोगों ने शासन-प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मांग की है कि सड़क के दोनों ओर तत्काल साइड शोल्डर डाला जाए, नियमित सफाई कराई जाए और क्षतिग्रस्त हिस्सों की मरम्मत शीघ्र कराई जाए, ताकि सड़क सुरक्षित रहे और ग्रामीणों को आवागमन में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द सुधार कार्य नहीं किया गया तो वे आंदोलन के लिए मजबूर होंगे।

**दो साल में दम तोड़ी, नवापारा सड़क**

नवापारा में बनी डेढ़ किलोमीटर सड़क गारंटी अवधि में ही जर्जर हो गई है सड़क के दोनों किनारे टूटने लगे हैं। साइड शोल्डर नहीं डाले जाने से सड़क लगातार धंस रही है और गहरे गड्ढे बन गए हैं। सफाई के अभाव में झाड़-झंखाड़ फैल गया है, जिससे टायर पंचर का खतरा बना हुआ है। ज्यादातर स्कूली बच्चों और वाहन चालकों को परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने तत्काल मरम्मत, साइड शोल्डर निर्माण सफाई की मांग करते हुए चेतावनी दी है कि सुधार नहीं हुआ तो आंदोलन किया जाएगा।

## सीबीएसई राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी, दिल्ली में अभ्युदय स्कूल की ऐतिहासिक उपलब्धि




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

अभ्युदय स्कूल कवर्धा की होनहार छात्राए मिहिका एवं रुचि अग्रवाल ने केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय विज्ञान प्रदर्शनी में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय व जिले का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। यह प्रतिष्ठित प्रदर्शनी 15 से 17 जनवरी 2026 तक दिल्ली पब्लिक स्कूल, मथुरा रोड, नई दिल्ली में आयोजित हुई, जिसका केंद्रीय विषय "आत्मनिर्भर एवं विकसित भारत के लिए विज्ञान, प्रौद्योगिकी, अभियंत्रण एवं गणित एसटीईएम था। देशभर से चयनित लगभग 400 नवाचारी विज्ञान मॉडलों में से उभरती तकनीकें उपविषय के अंतर्गत केवल 40 मॉडलों का चयन किया गया। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में मिहिका एवं रुचि ने अपने अभिनव प्रोजेक्ट "पी-टैग" के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर चतुर्थ स्थान प्राप्त कर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उनके प्रोजेक्ट ने मौलिक वैज्ञानिक सोच, स्पष्ट अवधारणा, तकनीकी दक्षता एवं व्यावहारिक उपयोगिता के कारण निर्णायक मंडल का विशेष ध्यान आकर्षित किया। यह सफलता विद्यालय की जीवविज्ञान शिक्षिका श्रीमती शालिनी अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन एवं सतत प्रेरणा का परिणाम है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य श्री तोरण साहू ने छात्राओं की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह सफलता अभ्युदय स्कूल की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, वैज्ञानिक संस्कार और नवाचार आधारित शिक्षण पद्धति का सशक्त प्रमाण है। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्राओं, मार्गदर्शक शिक्षिका तथा समस्त विद्यालय परिवार को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए हार्दिक बधाई दी।

## जेवड़न खुर्द के शासकीय स्कूलों में समस्याओं का अंबार, बुनियादी सुविधाओं के लिए छात्र परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

विकासखंड कवर्धा के अंतर्गत ग्राम पंचायत जेवड़न खुर्द स्थित शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल एवं मिडिल स्कूल में बुनियादी सुविधाओं के अभाव से छात्र-छात्राएं गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। रवेली मार्ग के किनारे लगभग एक मील की दूरी पर स्थित इस स्कूल परिसर में आसपास के 10 से 15 गांवों के विद्यार्थी शिक्षा प्राप्त करने के लिए प्रतिदिन आते हैं और बेहतर भविष्य के सपने संजोए हुए हैं, लेकिन व्यवस्थाओं की कमी उनके मार्ग में बाधा बन रही है। छात्रों ने बताया कि स्कूल परिसर में बाउंड्रीवाल के अभाव के कारण असामाजिक तत्वों का जमावड़ा लगा रहता है। स्कूल मैदान में शराब की बोतलें और डिस्पोजल कप बिखरे पड़े रहते हैं, जिससे बच्चों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है और सुरक्षा को लेकर भी चिंता बनी हुई है। कई स्थानों पर बाउंड्रीवाल क्षतिग्रस्त हो चुकी है, जिसकी मरम्मत और नव-निर्माण की सख्त आवश्यकता है, ताकि स्कूल परिसर सुरक्षित रह सके।

इसके अलावा स्कूल में साइकिल स्टैंड की भी व्यवस्था नहीं है। गर्मी के मौसम में खुले मैदान में रखी साइकिलों के टायर पंचर हो जाते हैं और बरसात में जंग लगने से छात्र-छात्राओं को परेशानी झेलनी पड़ती है। विद्यार्थियों का कहना है कि यदि साइकिल स्टैंड का निर्माण हो जाए तो उन्हें बड़ी राहत मिल सकती है। छात्र-छात्राओं ने यह भी बताया कि स्कूल की स्थापना के बाद से अब तक सांस्कृतिक मंच का निर्माण नहीं हो पाया है। स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस जैसे राष्ट्रीय पर्वों पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति बच्चों को जमीन पर करनी पड़ती है, जिससे उन्हें असुविधा होती है। यदि एक स्थायी सांस्कृतिक मंच का निर्माण किया जाए, तो शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा मिल सकेगा। गौरतलब है कि एक ही परिसर में दो शासकीय विद्यालय संचालित हो रहे हैं, जहां बड़ी संख्या में छात्र अध्ययनरत हैं। इसके बावजूद बुनियादी सुविधाओं की अनदेखी होना चिंता का विषय है।

स्थानीय नागरिकों और छात्र-छात्राओं ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि इन समस्याओं पर शीघ्र ध्यान दिया जाए और आवश्यक निर्माण कार्य कराकर जेवड़न खुर्द के शासकीय हायर सेकेंडरी स्कूल को एक आदर्श विद्यालय के रूप में विकसित किया जाए, ताकि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण और सुरक्षित शिक्षा का वातावरण मिल सके।

## मोदी की गारंटी, 500 में गैस सिलेंडर का इंतजार कर रही महिलाएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के दौरान मोदी की गारंटी के नाम पर भारतीय जनता पार्टी ने जनता से कई बड़े वादे किए थे। इन्हीं वादों के भरोसे पार्टी ने चुनाव लड़ा और प्रदेश में सरकार बनाने में सफलता हासिल की। सरकार के गठन को अब दो वर्ष पूरे हो चुके हैं, लेकिन महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने की सबसे प्रमुख घोषणा अब तक पूरी नहीं हो पाई है, जिससे आम जनता, विशेषकर महिलाओं में नाराजगी बढ़ती जा रही है। चुनाव प्रचार के दौरान उज्ज्वला योजना के तहत महिलाओं को 500 रुपए में गैस सिलेंडर देने का वादा भाजपा की सबसे बड़ी घोषणाओं में से एक था। यह दावा किया गया था कि सरकार बनते ही महिलाओं को महंगाई से राहत मिलेगी और घरेलू खर्चों में कमी आएगी। लेकिन दो साल बीत जाने के बाद भी आज स्थिति यह है कि उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को सिलेंडर बाजार दर पर ही लेना पड़ रहा है। ऐसे में महिलाएं यह सवाल उठा रही हैं कि आखिर 'मोदी की गारंटी' कब पूरी होगी। महंगाई के इस दौर में गैस सिलेंडर हर घर की जरूरत बन चुका है। छोटे से लेकर बड़े परिवार तक खाना पकाने के लिए गैस पर निर्भर हैं। ऐसे में यदि 500 रुपए में सिलेंडर उपलब्ध कराया जाता है तो इससे आम परिवारों को बड़ी राहत मिल सकती है। महिलाओं का कहना है कि चुनाव के समय बड़े-बड़े दावे किए गए, लेकिन सत्ता में आने के बाद उन वादों को भुला दिया गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि भाजपा ने मोदी के नाम पर गारंटी देकर चुनाव जीता है, तो सरकार की जिम्मेदारी बनती है कि वह उस गारंटी को जमीन पर उतारे। दो साल का कार्यकाल बीत जाने के बाद भी यदि सबसे अहम घोषणा अधूरी है, तो विकास के दावों पर सवाल उठना स्वाभाविक है। अब जनता शासन-प्रशासन से मांग कर रही है कि जल्द से जल्द 500 रुपए में गैस सिलेंडर योजना लागू की जाए, ताकि महंगाई से जूझ रहे परिवारों को वास्तविक राहत मिल सके और मोदी की गारंटी' सिर्फ नारा बनकर न रह जाए।

## जिले में मुमुक्षु विनुषी भंडारी का आत्मीय अभिनंदन, संयमी जीवन की ओर बढ़ाया कदम

- जैन श्री संघ कवर्धा के त्वावधान में मुमुक्षु अभिनंदन समारोह विनुषी भंडारी को मिली शुभकामनाएं।



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

इंदौर निवासी मुमुक्षु विनुषी भंडारी का जैन श्री संघ कवर्धा के तत्वावधान में महावीर स्वामी चौक स्थित जैन स्थानक भवन में आत्मीय अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाएं उपस्थित रहीं और उन्होंने भावी संयमी जीवन के लिए मुमुक्षु विनुषी को मंगल कामनाएं दीं। मुख्य स्थानक में विराजित महासती शासन प्रभाविका पू. सुप्रतिभाजी, पू. सुभगजी एवं पू. सुरक्षणजी म. स. साहब ने विनुषी भंडारी को संयम मार्ग पर अग्रसर होने के लिए आशीर्वाद प्रदान किया और उनके उज्ज्वल संयमी जीवन की कामना की। समता महिला मंडल द्वारा अभिनंदन गीत का भावपूर्ण समूह गान प्रस्तुत किया गया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में अभिनंदन पत्र का वाचन संघनिष्ठ दिनेश श्रीश्रीमाल ने किया, जबकि संचालन गेन्दमल मोदी ने किया। इस अवसर पर सकल जैन श्री संघ अध्यक्ष नेमीचंद श्रीश्रीमाल, श्वेतांबर मूर्तिपूजक जैन संघ अध्यक्ष खुशाल टाटिया, साधुमार्गी जैन संघ अध्यक्ष गुलाबचंद श्रीश्रीमाल तथा साधुमार्गी जैन महिला समिति की ओर से श्रीमती तारा श्रीश्रीमाल सहित समाज के अनेक प्रमुखजन उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने अप्रैल माह में जैन आचार्य पूज्य 1008 श्री रामलाल जी महाराज साहब के मुखारविंद से होने जा रही दीक्षा के लिए मुमुक्षु विनुषी को शुभकामनाएं दीं। अपने उद्बोधन में मुमुक्षु विनुषी भंडारी ने कहा कि श्रद्धा, समर्पण और भक्ति भावना के साथ गुरुदेव की भावना भाई, उसी का प्रतिफल है कि वे अपने लक्ष्य की ओर निरंतर आगे बढ़ पा रही हैं। उन्होंने कहा कि उनसे अक्सर पूछा जाता है कि संयम लेने की इतनी जल्दी क्यों है, जिस पर उनका उत्तर होता है कि वे अपना समय व्यर्थ नहीं करना चाहतीं और शीघ्र ही सिद्धालय की ओर प्रयाण करना चाहती हैं। उन्होंने श्रीश्रीमाल परिवार के उपकारों को भी स्मरण किया।

अंत में सकल जैन श्री संघ कवर्धा की ओर से श्रावक-श्राविकाओं ने तिलक-माला से बहुमान कर मुमुक्षु विनुषी को अभिनंदन पत्र भेंट किया। कार्यक्रम के पश्चात दीक्षार्थी विनुषी भंडारी ने समाजजनों के साथ बाजू स्थानक में विराजित पूज्य महासती 1005 अर्पिता श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा चार के दर्शन-वंदन कर मंगल पाठ का श्रवण किया।

## भगवान श्री राम की सेवा और भक्ति ही जिनका लक्ष्य है वो बडभागी लक्ष्मण जी हैं: पं आनंद उपाध्याय



**हरिभूमि कवर्धा।** घुघरी में आयोजित तीन दिवसीय मानस प्रवचन के तीसरे दिन पंडित आनंद उपाध्याय कवर्धा वाले ने कहा कि जो भगवान के सगुण स्वरूप की उपासना करते हैं वो भी बडभागी हैं। श्री लक्ष्मण जी धन्य और बड़भागी दोनों हैं लखन भैया के लिए भगवान श्री राम जी ही माता पिता स्वामी सखा गुरु और सबकुछ हैं। लखन लाल जी भगवान श्री राम जी के बिना रह नहीं सकते। जिनके लक्षणों से यह प्रगट हो कि ये भगवान श्री राम जी के सेवक हैं वो लक्ष्मण जी हैं । भगवान श्री राम जी की सेवा और भक्ति करना ही जिनका लक्ष्य है वो लक्ष्मण जी हैं। जिन्होने अपने आप को भगवान श्री राम की सेवा में समर्पित कर दिया है वो लक्ष्मण जी हैं। भगवान श्री राम जी के कीर्ति यश को फहराने के लिए जो दण्ड के समान हैं वो लक्ष्मण है। जो भगवान की भक्ति में रमा के विलास धन संपत्ति को वमन की तरह त्याग दे वो भी बडभागी है। पुराणों में वृक्षारोपण की बहुत महिमा बताई गई है। वृक्ष पर्यावरण को शुद्ध करता है, आक्सीजन देता है वृक्ष से वर्षा होती है। हम सभी को अपने जीवन में कम से कम एक वृक्ष जरुर लगाना चाहिए और उसे बड़ा करना चाहिए। एकादशी का व्रत करें भगवान के नाम जाप और भजन का नियम लेना चाहिए। अपने बच्चों को समय निकाल कर रामायण और सनातन ग्रंन्थों का अध्ययन कराना चाहिए। इससे धर्म की जानकारी होगी और सनातन धर्म की बड़ी सेवा होगी। अपने बच्चों को भगवान की कथा और मंदिरों में लेकर जाना चाहिए गौमाता की सेवा करनी चाहिए।

## ग्राम अमलीमालगी की लोकेश साहू का सीआईएफ़एस में हुआ चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा



कबीरधाम जिला अंतर्गत ग्राम अमलीमालगी निवासी लोकेश साहू, पिता रामनारायण साहू का सीआईएफ़एस में चयन होने से पूरे क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। चयन उपरांत आवश्यक प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद लोकेश साहू का कबीरधाम जिला आगमन हुआ, जहाँ उनका परिवारजनों एवं मोहल्लेवासियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। ग्राम आगमन पर फूल-मालाओं एवं मिठाइयों के साथ लोकेश साहू का आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर उन्हें बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्वागत समारोह के दौरान उपस्थित जनसमूह ने इसे गांव के लिए गौरव का क्षण बताया। लोकेश साहू की पहली पोस्टिंग गोवा में हुई है। सीमित संसाधनों के बावजूद कड़ी मेहनत, अनुशासन और लगन के बल पर उन्होंने यह सफलता प्राप्त की है, जिससे ग्राम अमलीमालगी सहित पूरे कबीरधाम जिले का नाम रोशन किया इस अवसर पर लोकेश साहू ने कहा कि यह सफलता उनके माता-पिता, परिवारजनों और गुरुजनों के आशीर्वाद का परिणाम है। उन्होंने युवाओं से लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की अपील की और कहा कि कठिन परिस्थितियों में भी आत्मविश्वास बनाए रखने से सफलता अवश्य मिलती है। ग्रामीणों एवं शुभचिंतकों ने आशा व्यक्त की कि लोकेश साहू अपनी सेवा के माध्यम से देश का नाम रोशन करेंगे और क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनेंगे।

### मौनी अमावस्या पर बोड़ला में उमड़ा आस्था का महासागर, हिंदू संगम का ऐतिहासिक समापन

## बोड़ला हिंदू संगम का भव्य समापन, श्रद्धा और राष्ट्रवाद के ज्वार में डूबी धर्मनगरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बोड़ला



छह दिनों तक चली धर्म, संस्कृति और राष्ट्रचेतना की महागाथा का रविवार को बोड़ला की पावन भूमि पर भव्य समापन हुआ। मौनी अमावस्या के अवसर पर आयोजित हिंदू संगम के अंतिम दिन जनसैलाब उमड़ पड़ा और पूरा नगर भगवा ध्वजों, जयघोष और श्रद्धा के रंग में रंग गया। बोड़ला में आयोजित छह दिवसीय हिंदू संगम का समापन समारोह श्रद्धा, एकता और राष्ट्रभाव से ओतप्रोत रहा। अंतिम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया, जिससे आयोजन स्थल भक्ति और उत्साह के वातावरण से भर उठा। सनातन परंपरा, सामाजिक समरसता और राष्ट्र निर्माण का संदेश देते इस आयोजन ने पूरे क्षेत्र को एक नई ऊर्जा से भर दिया। समारोह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-सहकार्यवाह रामदत्त चक्रधर मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ मंच पर छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा, मंत्री टंकराम वर्मा, विधायक भावना बोहरा सहित विभिन्न समाजों के प्रमुखजन मौजूद रहे। साधु-संतों, मातृशक्ति, युवाओं और सामाजिक संगठनों की सहभागिता ने आयोजन को व्यापक स्वरूप प्रदान किया। अपने उद्बोधन में संघ के वरिष्ठ प्रचारक ने कहा कि समाज की शक्ति एकता में निहित है। उन्होंने उदाहरण देते हुए कहा कि जब अलग-अलग उंगलियां मिलकर मुट्ठी बनती हैं, तभी असंभव कार्य भी संभव हो जाते हैं। उन्होंने धरती को मां बताते हुए कहा कि समस्त हिंदू समाज एक परिवार है और जाति व भेदभाव से ऊपर उठकर ही सशक्त राष्ट्र का निर्माण किया जा सकता है। प्रवचन के दौरान सिख गुरुओं के त्याग और बलिदान को भी श्रद्धापूर्वक स्मरण किया गया। गुरु गोविंद सिंह जी के चारों साहिबजादों की शहादत और गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान को हिंदू धर्म और राष्ट्र की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण बताया गया। समापन समारोह में कवर्धा से पहुंचे सिख समाज के सदस्यों ने शबद गायन प्रस्तुत किया, जिससे वातावरण भक्तिमय हो गया। सिख समाज के अध्यक्ष गुरदीप सिंह अरोरा को मंच पर आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। नीटू खनूजा, राजेन्द्र सलूजा सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। आयोजन के दौरान शहर के सभी समाज प्रमुखों का सम्मान किया गया और उन्हें झंडा रामचंद्र जी का चित्र एवं रामचरितमानस भेंट की गई।



### निधन

**बसंत शर्मा**



कवर्धा। बोड़ला जनपद के पूर्व सीईओ बसंत शर्मा का गत दिनो 73 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार कवर्धा के मुक्तिधाम में विधिविधान से किया गया। जिसमे बड़ी संख्या में लोगों ने शामिल होकर उन्हे श्रद्धांजलि अर्पित की। स्व शर्मा पत्नी, 3 बेटी और 1 बेटा सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं। श्री शर्मा मूलतः ब्राह्मण पारा राजनांदगांव के निवासी थे परंतु वे विगत लगभग 40 वर्षो से कवर्धा में ही निवास कर रहे थे। शासकीय सेवाकाल में बोड़ला जनपद के सीईओ के अलावा शक्कर कारखाना के प्रभारी, प्रभारी पंजीयक सहित निर्वाचन क्षेत्र में भी विभिन्न पदों पर कार्यरत रहे।

# बोड़ला में हिंदू संगम का ऐतिहासिक समापन, मौनी अमावस्या पर उमड़ा जन सैलाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ बोड़ला

धर्मनगरी बोड़ला की पावन धरा पर आयोजित 6 दिवसीय हिंदू संगम का रविवार, मौनी अमावस्या को गौरवशाली समापन हुआ। अंतिम दिन बोड़ला में श्रद्धा और राष्ट्रवाद का ऐसा ज्वार उमड़ा कि समूचा क्षेत्र भगवामय नजर आया। इस ऐतिहासिक धर्मसभा में मुख्य वक्ता के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर-सहकार्यवाह रामदत्त चक्रधर, प्रान्त संघ चालक टोपलाल वर्मा, छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा,मंत्री टंकराम वर्मा,उत्कृष्ट विधायक भावना बोहरा,सुरेश चंद्रवंशी, विशेषर पटेल,सभी समाज के समाज प्रमुख सहित बड़ी संख्या में सनातनी उपस्थित थे।

समारोह का सबसे विशेष क्षण वह था, जब हिंदू संगम परिसर में 20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भव्य शिव मंदिर का भूमिपूजन किया गया। यह मंदिर आने वाले समय में कबीरधाम जिले की आध्यात्मिक पहचान बनेगा। कार्यक्रम के दौरान युवाओं को विशेष रूप से संबोधित करते हुए चंद्रशेखर वर्मा ने हिंदू संगम आयोजन के उद्देश्यों और इसकी विस्तृत रूपरेखा पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का मूल लक्ष्य समाज को अपनी जड़ों से जोड़ना और सांस्कृतिक गौरव को वापस लाना है। वर्मा ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा, धर्म और राष्ट्र का निर्माण एक-दूसरे के पूरक हैं। युवाओं को अपनी ऊर्जा का उपयोग समाज को संगठित करने और सनातन मूल्यों की रक्षा के लिए करना चाहिए। मुख्य वक्ता रामदत्त चक्रधर ने हजारों की संख्या में उपस्थित सनातनी बंधुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज को जाति और पंथ के बंधनों से ऊपर उठकर राष्ट्र की एकता के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने कहा कि हिंदू केवल एक पूजा पद्धति नहीं, बल्कि एक जीवन मूल्य है। जब हम संगठित होते हैं, तो दुनिया हमारी ओर सम्मान से देखती है। स्वदेशी, स्वावलंबन और पारिवारिक संस्कार ही हमारे समाज के असली कवच हैं। आज यहां उपस्थित माताओं-बहनों और युवाओं का यह उत्साह बताता है कि भारत अपनी जड़ों की ओर लौट रहा है। सह-सरकार्यवाह ने हुंकार भरते हुए कहा कि हिंदू समाज की एकता ही राष्ट्र की अखंडता का आधार है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जब-जब हिंदू संगठित हुआ है, भारत ने विश्व पटल पर गौरव प्राप्त किया है। मैथिलीशरण गुप्त की कविताओं और श्रीमद्भागवत के श्लोकों के माध्यम से उन्होंने हजारों की संख्या में उमड़े जनसैलाब को राष्ट्र धर्म और सनातन संस्कारों की सीख दी।उन्होंने आगे कश्मीर का उदाहरण देते हुए समाज को सचेत किया। उन्होंने कहा कि हिंदू केवल एक पूजा पद्धति नहीं, बल्कि एक शाश्वत जीवन मूल्य है। हमें जाति, पंथ और संप्रदायों के संकीर्ण घेरों से ऊपर उठना होगा।




### शिव मंदिर का किया गया भूमिपूजन

हिंदू संगम बोड़ला परिसर में 20 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले भव्य मृत्युंजय महादेव शिव मंदिर का भूमिपूजन किया गया। यह मंदिर आने वाले समय में कबीरधाम जिले की आध्यात्मिक पहचान बनेगा। इस मृत्युंजय महादेव शिव मंदिर के भूमि पूजन के दिन ही बहुत से सनातनी श्रद्धालुओं ने स्वेच्छा से अपना सहयोग किया।

### सर्व समाज का सम्मान व विशाल भंडारा

समापन अवसर पर समाज के प्रत्येक वर्ग की भागीदारी सुनिश्चित की गई। समिति द्वारा उपस्थित सभी वर्ग के लोगों और समाज प्रमुखों को दंड, श्रीफल (नारियल), प्रभु रामचंद्र जी का चित्र और पवित्र रामचरितमानस भेंट कर सम्मानित किया गया।अंतिम दिन होने के कारण विशाल भंडारे में जनसैलाब उमड़ पड़ा। हजारों श्रद्धालुओं ने पंगत में बैठकर प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन समिति के संयोजक दुर्गेश वर्मा ने इस सफल आयोजन के लिए समस्त सनातनी बंधुओं और स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया।

**मांग: कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी तक शिकायत, फिर भी कार्रवाई शून्य**

# स्वामी आत्मानंद स्कूल निर्माण में अनियमितता का गंभीर आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिल्फीघाटी

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी स्वामी आत्मानंद हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम स्कूल, चिल्फी के निर्माण एवं उन्नयन कार्यों में भारी अनियमितताओं का मामला लगातार तूल पकड़ता जा रहा है। 2 करोड़ 50 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च होने के बावजूद स्कूल परिसर की स्थिति बदहाल बनी हुई है। हैरानी की बात यह है कि कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारी तक शिकायत पहुंचने के बाद भी अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। जबकि शासकीय पत्र के अनुसार गत 09 अप्रैल 2025 को समिति द्वारा निरीक्षण कर निर्माण कार्य पूर्ण बताया गया। लेकिन मौके की तस्वीरें और जमीनी सच्चाई इस दावे पर गंभीर सवाल खड़े करती हैं। इंटरलॉक टाइलें टूटी व धंसी हुई गार्डन और हरित क्षेत्र विकसित नहीं है। खेल मैदान अधूरा है घास व समतलीकरण नहीं किया गया है जबकि लाइब्रेरी की वास्तविक सुविधा नहीं है। परिसर में रखरखाव का अभाव और गंदगी साफ दिखाई दे रही है।

**सुशासन तिहार व कलेक्टर से की गई शिकायत**



निर्माण में अनियमितताओं को लेकर सुशासन तिहार के अंतर्गत आवेदन दिया गया था, जिस पर यह जवाब जारी किया गया। इसके अलावा जिला कलेक्टर कबीरधाम को भी लिखित शिकायत सौंपी गई, जिसमें वित्तीय व तकनीकी जांचभौतिक सत्यापनदोषियों पर कार्रवाई की मांग की गई थी, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई सुधार या जांच नहीं हुई। मामले की गंभीरता को देखते हुए स्वामी आत्मानंद स्कूल के अध्यक्ष जीवन मानिकपुरी द्वारा भी निर्माण कार्य में अनियमितताओं को लेकर संबंधित अधिकारियों को शिकायत की जा चुकी है। इसके बावजूद न तो पुनः निरीक्षण हुआ, न ही जिम्मेदार अधिकारियों और ठेकेदारों की जवाबदेही तय की गई। लोगों ने इस गंभीर मामले में सूक्ष्म जांच व कार्यवाही की मांग की है।



# चायनीज मांझा बिक्री पर प्रशासन की सख्ती, विक्रय करने वालों को दी कड़ी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

नगर पालिका कवर्धा क्षेत्र अंतर्गत प्रतिबंधित चायनीज मांझा की खुलेआम बिक्री की सूचना प्राप्त होने पर मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू द्वारा तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जांच एवं कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

निर्देशों के पालन में नगर पालिका कर्मचारियों द्वारा कवर्धा नगर पालिका क्षेत्र के अंतर्गत पतंग एवं मांझा विक्रय करने वाले व्यापारियों की दुकानों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान व्यापारियों को प्रतिबंधित चायनीज मांझा का विक्रय न करने की सख्त समझाइश दी गई तथा भविष्य में इस प्रकार की सामग्री विक्रय करते पाए जाने पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई किए जाने की चेतावनी दी गई। शहर के ऋषभ देव चौक से लेकर नवीन बाजार तक पतंग एवं मांझा का व्यवसाय कर रहे व्यापारियों के प्रतिष्ठानों में दबिश देकर स्पष्ट रूप से निर्देशित किया गया कि प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय पूर्णतः बंद रखा जाए। मुख्य नगर पालिका अधिकारी रोहित साहू द्वारा प्रतिबंधित चायनीज मांझा एवं अन्य अवैध सामग्री के विक्रय पर प्रभावी रोक लगाने हेतु एक टीम का गठन किया गया है।

टीम द्वारा आकस्मिक रूप से बाजार में निरीक्षण कर व्यापारियों को प्रतिबंधित सामग्री का विक्रय नहीं करने की समझाइश दी गई। नगर पालिका द्वारा इस प्रकार की कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी, ताकि आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

# स्वामी आत्मानंद स्कूल के बच्चों ने निकाली यातायात जागरूकता रैली

- स्कूली बच्चों ने सड़क सुरक्षा का लोगों को दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

स्वामी आत्मानद हिन्दी मीडियम स्कूल, कवर्धा के स्कूली बच्चों द्वारा गत दिनो यातायात जागरूकता रैली निकालकर शहर के मुख्य चौक-चौराहों में यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया।

यह कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन में, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र बघेल एवं अमित पटेल तथा डीएसपी कृष्णा चंद्राकर के निर्देशन में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का संचालन यातायात प्रभारी उप निरीक्षक अजय कांत तिवारी के नेतृत्व में किया गया। रैली में स्कूली बच्चों ने हाथों में यातायात जागरूकता संदेश लिखी तख्तियां लेकर सड़क सुरक्षा जीवन सुरक्षा, हेलमेट पहनें, जीवन बचाएं, सीट बेल्ट लगाएं, सुरक्षित रहें, नशे में वाहन न चलाएं, ओवर स्पीड नहीं, सेफस्पीड जैसे नारों के माध्यम से आम नागरिकों को यातायात नियमों के पालन हेतु प्रेरित किया।

रैली शहर के प्रमुख मार्गों से होकर मुख्य चौक-चौराहों तक पहुंची, जहां यातायात पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान बच्चों एवं नागरिकों को सुरक्षित सड़क व्यवहार, पैदल चलने के नियम, साइकिल व दोपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट का उपयोग, चारपहिया वाहन में सीट बेल्ट लगाने, तथा मोबाइल फोन का प्रयोग करते हुए वाहन न चलाने के महत्व के बारे में सरल एवं प्रभावी तरीके से समझाया गया। कबीरधाम पुलिस का उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाकर आम नागरिकों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। इस अभियान के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि यातायात नियमों का पालन केवल कानून का विषय नहीं, बल्कि जीवन रक्षा का सबसे बड़ा माध्यम है।

इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकगण, यातायात पुलिस का स्टाफएवं बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे। कबीरधाम पुलिस सभी नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें और सड़क सुरक्षा को अपनी आदत बनाएं।

# प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना से सरस्वती को मिला सुरक्षित आधार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

गर्भावस्था का समय हर महिला के लिए बहुत नाजुक होता है। इस दौरान सही खाना, समय पर जांच और दवाइयों की जरूरत होती है। लेकिन सीमित आमदनी वाले परिवारों के लिए यह सब कर पाना आसान नहीं होता। ऐसे में प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना सरस्वती यादव के लिए बड़ी राहत बनकर आई। कबीरधाम जिले की रहने वाली सरस्वती यादव बताती हैं कि गर्भावस्था के दौरान घर खर्च के साथ इलाज और पोषण का ध्यान रखना मुश्किल हो रहा था। फल, दूध और दवाइयों के लिए बार-बार सोचना पड़ता था। उन्हें चिंता रहती थी कि कहीं पोषण की कमी से बच्चे पर असर न पड़े। इसी दौरान गांव की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता ने उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना के बारे में बताया। उन्होंने जरूरी कागजात के साथ आंगनबाड़ी केंद्र में आवेदन किया। कुछ समय बाद योजना की राशि सीधे उनके बैंक खाते में आने लगी। सरस्वती यादव को पहले बच्चे के लिए कुल 5 हजार रुपए की मदद मिली। यह राशि तीन किस्तों में मिली। पहली किस्त 1 हजार रुपए, दूसरी और तीसरी किस्त 2-2 हजार रुपए। श्रीमती सरस्वती कहती हैं कि यह पैसे हमारे लिए बहुत मददगार रही है। इससे अच्छा खाना, फल-दूध और दवाइयां ले पाई। जांच भी समय पर हो सकी। उन्होंने बताया कि पहले गर्भावस्था को लेकर डर बना रहता था, लेकिन योजना से मिली मदद से काफी राहत मिली। परिवार पर भी आर्थिक बोझ कम हुआ। प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना मातृत्व को सम्मान और सुरक्षा देने की एक महत्वपूर्ण पहल है।

### गणतंत्र दिवस की तैयारियां......



**कवर्धा।** हर साल की तरह इस साल भी जिला मुख्यालय कवर्धा में गणतंत्र दिवस के मुख्य आयोजन को भव्य बनाने विभिन्न प्लाटूनो द्वारा भव्य एवं जोरदार तैयारियां स्थानीय पीजी कॉलेज मैदान में की जा रही है।

**कवर्धा कोतवाली पुलिस तथा फॉरेंसिक टीम जांच में जुटी, मौके से मिली चाकू, मृतक की पहचान नहीं**

# ग्राम लालपुर में फिर एक व्यक्ति की धारदार हथियार से निर्मम हत्या



हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा

जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे कवर्धा कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लालपुर में रविवार देर शाम एक अज्ञात व्यक्ति का खून से लथपथ शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। शव की स्थिति और घटनास्थल के हालात को देखते हुए प्रथम दृष्टया यह आशंका जताई जा रही है कि अज्ञात व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या की गई है। जानकारी के अनुसार रविवार की देर शाम ग्रामीणों ने लालपुर गांव के पास एक व्यक्ति का शव पड़े हुए देखा। शव के आसपास खून फैला हुआ था, जिससे घटना की गंभीरता का अंदाजा लगाया जा सकता है। इसके बाद ग्रामीणों ने तत्काल इसकी सूचना कवर्धा कोतवाली पुलिस को दी। सूचना मिलते ही कवर्धा कोतवाली पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी घटनास्थल पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने की कार्रवाई शुरू की। पुलिस ने घटनास्थल से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद किया है। इसके साथ ही मौके से एक चाकू भी मिला है, जिसे पुलिस ने जप्त कर लिया है। आशंका जताई जा रही है कि इसी चाकू से हत्या की गई हो सकती है। पुलिस द्वारा शव का पंचनामा तैयार कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेजने की तैयारी की जा रही है। फिलहाल मृतक की शिनाख्त नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में पूछताछ कर रही है और गुमशुदगी की रिपोर्ट से मिलान किया जा रहा है, ताकि मृतक की पहचान की जा सके। इस संबंध में डीएसपी मुख्यालय कृष्णा चन्द्राकर ने बताया कि सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। घटना स्थल से एक चाकू भी मिला है। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। घटना के बाद से इलाके में दहशत का माहौल है। पुलिस का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

**नहीं हो पा रही मृतक की शिनाख्त**

बताया जाता है कि पुलिस ने मृतक व्यक्ति की तलाशी ली लेकिन उसकी पहचान संबंधी उसके पास कोई भी दस्तावेज अथवा मोबाईल फोन आदि नहीं मिला है। इसके अलावा पुलिस ने आसपास के लोगों से भी मृतक के संबंध में जानकारी जुटाने का प्रयास किया है लेकिन अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पाई है।

**क्षेत्र के लोगों में दहशत**

इस घटना के सामने आने के वाद क्षेत्र के लोगों में दहशत देखी जा रही है। यहां बताना लाजिमी होगा कि जिला मुख्यालय कवर्धा से लगे ग्राम लालापुर में इसे पूर्व भी इसी तरह से एक चरवाहे की हत्या का मामला सामने आया था और अब एक बार फिर एक अज्ञात व्यक्ति की धारदार हथियार से हत्या की खबर ने सनसनी फैला दी है।

# पीएससी की तैयारी में अभ्यर्थी पढ़ रहे जिले के एक शिक्षक का नाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कवर्धा



आमतौर पर सामान्य ज्ञान की पुस्तकों में ऐतिहासिक स्थलों या महापुरुषों के नाम दर्ज होते हैं, लेकिन जिले के एक शिक्षक ने अपनी उपलब्धि से इस धारणा को गौरवपूर्ण उपलब्धि में बदल दिया है। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं की तैयारी करने वाले अभ्यर्थी अब कबीरधाम जिले के एक शिक्षक की उपलब्धि को सामान्य ज्ञान के रूप में पढ़ रहे हैं। जिले के कवर्धा ब्लॉक अंतर्गत स्थित शासकीय हाई स्कूल छिरहा के प्राचार्य व गणित विषय के व्याख्याता डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी ने यह विशिष्ट स्थान हासिल किया है। दरअसल राज्य सरकार द्वारा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किए जाने वाले प्रतिष्ठित गजानन माधव मुक्तिबोध पुरस्कार-2025 के लिए डॉ. चन्द्रवंशी के चयन ने उन्हें प्रदेश स्तर पर नई पहचान दिलाई है। राज्य स्तर के इस बड़े अलंकरण के कारण ही अब भविष्य के प्रशासनिक अधिकारियों की तैयारी के लिए डॉ. चन्द्रवंशी का नाम सामान्य ज्ञान का हिस्सा बन गया है। इसी उपलब्धि के कारण अब पीएससी की तैयारी के लिए प्रकाशित होने वाली सामान्य ज्ञान की पुस्तकों में उनका नाम शामिल हुआ है। पीएससी की तैयारी कर रहे प्रदेशभर के लाखों अभ्यर्थी राज्य अलंकरणों की सूची में उनके नाम का अध्ययन कर रहे हैं। डॉ. चन्द्रवंशी की इस सफलता ने जिले के शिक्षा विभाग को गौरवान्वित किया है।